e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 166
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
बुधवार
19.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

कठिन समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए।

## क्विक न्यूज

### कल्पना सोरेन पहुंची गढ़वा, कार्यकर्ताओ ने किया भव्य स्वागत

**गढ़वा-हुसैनाबाद :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री व गांडेय विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को गढ़वा पहुंची। यहां बिरसा मुंडा हेलीपैड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महिला कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर एवं पत्तों से बनी झारखंड के पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया। श्रीमती सोरेन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पहुंचीं। यहां कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद भी की।। गढ़वा आगमन पर कल्पना सोरेन ने झामुमो कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा और हेमंत जी की अनुपस्थिति में आपकी मेहनत ने ही गत लोकसभा चुनाव में बेहतर सफलता दिलाई है। अब हम सबों के सामने विधानसभा का चुनाव है। जिसे भी उसी जोश और जज्बे के साथ केवल लड़ना ही नहीं बल्कि अद्वितीय सफलता हासिल करनी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा रूपी एक पड़ाव को तो हमने सभी वरीय नेता और अपने जुझारू कार्यकर्ताओं के बदौलत पार कर लिया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्युनतम | 26⁰ |

### पर्यटन स्थलों व खेल के विकास हेतु सीएम ने अधिकारियों को दिए कई दिशा-निर्देश

# पर्यटन स्थलों का करें तेजी से विकास : चंपाई

**रजरप्पा, पहाड़ी मंदिर रांची, लुगुबुरु तथा मरांगबुरु का संपूर्ण विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ करें**

### रजरप्पा विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन के रूप में डेवलप हो, कार्य योजना बनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक सौन्दर्यता बेमिशाल है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदिवासी धर्मावलंबियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित किया जाए। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहाड़ी मंदिर परिसर रांची का सम्पूर्ण विकास जरूरी है। पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए जो भी रोड में तैयार किया गया है, उस पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

### बैठक में इन अधिकारियों की रही उपस्थिति

बैठक में सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, खेल निदेशक श्री सुशांत गौरव, पर्यटन निदेशक श्रीमती अंजलि यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### हर हाल में खेलगांव का हो मेंटेनेंस

बैठक में मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची स्थित खेलगांव का मेंटेनेंस हर हाल में सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य से खेलगांव का निर्माण किया गया था, उस उद्देश्य को पूरा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेलगांव में आयोजित होती रहे, यह सुनिश्चित की जाए।

**सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन तथा रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाएं:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन तथा रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाएं। मौके पर पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य में अभी तक 27 हजार 248 सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया जा चुका है, जिसमें लगभग 11 हजार से अधिक क्लबों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, अब कोऑपरेटिव के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कार्य किया जाएगा।

**हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लाएं:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि हुंडरू फॉल का रिनोवेशन तथा वहां के गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा चिन्हित वैसे सभी पर्यटन स्थल जिसे विकसित किया जाना है, उन स्थलों की कार्य प्रगति में शिथिलता न बरतें बल्कि तेज गति से कार्य करते हुए सभी काम ससमय सम्पन्न करें। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारी से कहा कि राज्य के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विकसित करने में अगर जरूरत पड़े तो दूसरे राज्यों के टूरिज्म प्लेस का स्टडी करें।

## पीएम मोदी ने पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की



**एजेंसी**

**वाराणसी :** नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मंगलवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे. यहां किसानों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने उनका धन्यवाद किया.पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है. काशी की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है. पीएम मोदी ने पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की. इससे 9.26 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा. इसके अलावा प्रधानमंत्री कृषि सखियों के रूप में प्रशिक्षित 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए. उन्होंने कहा,18वीं लोकसभा के लिए हुआ एक चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता को, भारत के लोकतंत्र के सामर्थ्य को, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता को, भारत के लोकतंत्र की जडों की गहराई को, दुनिया के सामने पूरे समर्थ के साथ प्रस्तुत करता है.






# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी में जुटे भाजपा नेता व कार्यकर्ता

## भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सीड़हा गांव स्थित जिला पार्षद सह भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य के नेतृत्व में बुलाई गई बैठक, बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मान के साथ एक मंच पर लाना एवं ज्यादा मतों से भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाना है। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलख नाथ पाण्डेय की अध्यक्षता मे हुई। जबकि संचालन।भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश शर्मा ने किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश जिला, प्रखंड स्तरीय नेता व भाजपा कार्यकर्ता विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीभाकर नारायण पांडेय, भाजपा के वरिष्ठ नेता व बीश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सीएस दुबे, मुख्य रूप से उपस्थित थे। जहा सभी नेताओं ने बारी-बारी से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गहन चिंतन मंथन करते हुए चुनावी रणनीति पर चर्चा की, बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी ने कार्यकर्ता की भावनाओं को समझते हुए, भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रेष्ठ बताया और बोला जीत प्रत्याशी की नहीं होती जीत होता है क्षेत्र की विकास की एवं तन्मयता के साथ लगे हुए जनता कार्यकर्ताओं की, भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ताओं को पूर्ण रूप से तरजीह दी जाती है, यहां कोई बड़ा छोटा नहीं होता हर नेता मंत्री पहले एक कार्यकर्ता होता है, इस पार्टी में कार्यकर्ता बड़े से बड़े नेता से सुलभता के साथ अपनी बातों को रखने में सक्षम हैं।।कार्यक्रम में उपस्थित विनोद तिवारी, विजय रविदास, प्रेमा नंद त्रिपाठी, बृजेंद्र पाठक, पपु सिंह, सीता राम आर्य, सुनील कुमार पाण्डेय, पुष्प रंजन मेहता, अखिलेश दीक्षित, बासुदेव मेहता विजय कांत चौबे, अरविंद मेहता, रवीन्द्र उपाध्याय, पंकज लाल, राजेन्द्र विश्वकर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा, रघुवीर यादव, ओम प्रकाश मेहता, ललन देव सिंह, शंभु नाथ सिंह, विवेक सोनी, रामकृष्ण मेहता, अशोक बैठा, सुनील सिंह, आशवनी सिंह, प्रभु नारायण मेहता, भरत दीक्षित संतोष पाण्डेय, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हाथी का दांत बना नगर परिषद क्षेत्र में लगाया गया हाई मास्क व स्ट्रीट लाइट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** नगर परिषद में करोड़ों रुपए खर्च कर लगाई गई दर्जनों हाई मास्क लाइट व सड़क किनारे लगाई गई सैकड़ों की संख्या में स्ट्रीट लाइट केवल दिखावा मात्र बनकर रह गई है। जो खराब पड़ी शोभायमान बन कर आते जाते लोगों को मुंह चिढ़ा रहा है। खराब पड़े हाई मास्क लाइट व स्ट्रीट लाइट की मरम्मती भी नहीं कराई जा रही। जबकि नगर परिषद की ओर से रख रखाव व मरम्मती कार्य के लिए बिजली मिस्त्री को भी हायर कर रखा गया है। फिर भी हाई मास्क व स्ट्रीट लाइट का इन्हें ख्याल नहीं। विश्रामपुर नगर परिषद का बीमोड़ स्थित जो अतिव्यस्त जगहों में जाना जाता है। जहां 24 घंटे लोगों की चहलकदमी बनी रहती है। ?ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से या कहले नगर परिषद की ओर से अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए बीमोड़ शहीद स्मारक में हाई मास्क लाइट लगवाए। लोगों की मानें तो हाई मास्क लाइट स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन में संवेदक के द्वारा गुणवत्ता का तनिक भी ख्याल नहीं किया गया। हाई मास्क लाइट के आधे से अधिक लाइट खराब हो गए। रात में लाइट भक-भिक करते देखे जाते हैं। जिससे आते जाते लोगों को परेशानी हो रहा है। बीमोड़ चौक के पास रहने वाले लोग इस फ्लकचुएट लाइट से आंख खराब होने की बात कह नगर परिषद की नाकामी को बता रहे हैं। इधर सड़क किनारे लगाए गए स्ट्रीट लाइट का भी यही हाल है। सड़क के किनारे से गुजरना जी का जंजाल भी बन गया है। सदैव डर बनी रहती है। ऐसे करोड़ों रुपए खर्च कर सड़क किनारे व चौक चौराहों पर लगाई गई हाई मास्क व स्ट्रीट लाइट का कोई औचित्य ही नहीं जान पड़ता। जंगलों पहाड़ों की शोभा बढ़ाने को लेकर लाखों रुपए खर्च कर हाई मास्क लाइट लगाए गए हैं। सड़क किनारे वर्षों पूर्व लगाए गए स्ट्रीट लाइट की खंभे जंग खा कर गिरने लगी है। लोगों की मानें तो सड़क किनारे लगाई गई स्ट्रीट लाइट केवल प्रतिनिधियो को विशेष लाभ पहुंचाने के लिए ही लगाया गया था। जबकि इसकी शिकायत यदाकदा नगर परिषद प्रतिनिधियों सहित नगरपरिषद कर्मियों से भी की जाती रही है। लेकिन कोई फलाफल नहीं मिला। हाई मास्क लाइट व स्ट्रीट लाइट लगाने का विरोध शुरुआती क्रम से हीं पार्षदों की ओर से किया जा रहा था। इनका कहना था कि हाई मास्क लाइट चौक चौराहे व व्यस्त इलाके में लगाई जाए।

# हुसैनाबाद में रोज लगता है जाम, हादसे की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर की प्रायः सभी सड़कों पर ही दुकानदारों व बाइक तथा वाहनों का अघोषित पड़ाव है। जहां पड़ाव बनाया गया है, वहां एक भी वाहन नहीं रहता है। इस मामले में यहां के लोग पूर्व में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को आज भी याद करते हैं जिन्होंने यहां पड़ाव की व्यवस्था की थी और शहर को सुसज्जित करने का प्रयास किया था।कुछ हद तक वह सफल भी हुए थे। अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासनिक अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन कुछ दिन बाद ही यह बेअसर हो जाता है। कुछ दिन पहले हुसैनाबाद में मुख्य सड़क पर अतिक्रमणमुक्त अभियान चलाया गया था जिसका फलाफल शून्य रहा। नतीजतन शहर की सड़कों पर हर दिन जाम लगना आम बात बन गई है। किसी दिन इन अतिक्रमण के कारण बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के शहर स्थित मुख्य सड़कों के बगल में राहगीरों के चलने के लिए पेवर ब्लॉक से सड़क का कायाकल्प किया गया था। लेकिन शहर के इन फुटपाथों को अतिक्रमणकारियों ने पूरी तरह अपने कब्जे में ले लिया है। हुसैनाबाद शहर में दो सौ से अधिक फुटपाथ दुकानदार रोजाना सड़क पर ही दुकान लगाते हैं। साथ ही शहर के मेन बाजार में चार पहिया वाहन के प्रवेश पर भी किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। इस संबंध में मोड़ पर केवल साइन बोर्ड लगाया गया था। जयप्रकाश चौक से लेकर गांधी चौक तक हुसैनाबाद (जपला) का मेन बाजार है और अगर इसमें चार पहिया वाहन प्रवेश करने लगता है तो मुख्य सड़क जाम हो जाती है। दुकानों के सामान आधी सड़क किनारे रखे जाते हैं।

# हुसैनाबाद वासियों के लिए कानूनी सलाहकार के रूप में समर्पित रहूंगा : अनिल कश्यप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सोमवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् कार्यालय हुसैनाबाद में झारखंड हाईकोर्ट के सिनियर एवं लीडिंग एडवोकेट अनिल कश्यप को अंग वस्त्र तथा मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। संगठन संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि बड़ा होना कोई बड़ी बात नहीं लेकिन आपके बड़प्पन से आपका समाज और आपकी मातृभूमि लाभांवित होती है तो बड़प्पन की असली सकारात्मकता वहीं दिखाई देती है। अनिल कश्यप ने बहुत सारे जुडिसियरी और वकालत के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले अपने क्षेत्र के ग़रीब बच्चों का मार्गदर्शक बनकर उनके लिए मददगार साबित हुए हैं। श्री कश्यप ने कहा कि हमें बहुत सुखद अनुभूति हो रही है कि हुसैनाबाद में कोई संगठन मुझे सम्मानित कर रहा है लेकिन इस सम्मान के असली हकदार वें लोग हैं जिन्होंने संघर्ष में मुझे आगे बढ़ाने में हमारी मदद की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद वासियों के लिए कानूनी सलाहकार के रूप में सदैव समर्पित रहूंगा। सम्मान समारोह में कैप्टन दुखन सिंह जिला अध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद सुबेदार आरटी मेहता असफर्ी पाल सुमेर सिंह सतेन्द्र ठाकुर सत्यनारायण सिंह गौरीशंकर ठाकुर सुधीर सिंह प्रसाद सिंह सुबेदार उदय प्रताप सिंह व आलोक नाथ केशरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा विभिन्न मंदिरों में झाड़ू, अगरबत्ती, फूल बत्ती, कपूर, का किया गया वितरण



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय गोसाई बाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा विभिन्न मंदिरों में झाड़ू, अगरबत्ती, फूल बत्ती, कपूर, का वितरण किया गया ।उक्त अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने श्री बंशीधर नगर के बस स्टैंड अवस्थित राधा कृष्ण मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर, सूर्य मंदिर, शारदा मंदिर, महावीर मंदिर रक्सा, नृवादेश्वर मंदिर पालहे, भवनाथपुर मोड़ महावीर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जाकर झाड़ू अगरबत्ती, माचिस, कपूर, धूपबत्ती, का वितरण किया सदस्यों ने बतलाया कि 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर कई कार्यक्रम समूह शाखा नगर उंटारी के द्वारा आयोजित किया जाता रहा है उसी के अंतर्गत स्थानीय मंदिरों में सफाई हेतु झाड़ू, पूजन हेतु अगरबत्ती माचिस एवं अन्य सामग्रियों का आज मंदिरों में जाकर बांटा गया है जिससे मंदिर के आसपास सफाई में सहयोग हो सके। मौके पर शाखा के व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, मंत्री आनंद जायसवाल, मनोज प्रताप देव, नागेंद्र राम, प्रमेंद्रकुमार सिन्हा, नवीन सिन्हा,नवनीत कुमार श्रीकांत सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान व डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा को पूर्व मंत्री ने दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिये केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड प्रदेश का प्रदेश चुनाव प्रभारी तथा डॉ हिमंता विश्व सरमा को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाये जाने पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये बधाई दिया है। श्री केशरी ने चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर राष्ट्रीय व प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों चुनाव प्रभारी व चुनाव सह प्रभारी के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पूरे प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान व डॉ हेमंता विश्व सरमा को भी बधाई दिया है। प्रेसवार्ता में सलीम अंसारी, अरुण कुमार, सोबराती खां सहित अन्य उपस्थित थे।

## पांकी विधायक से बिजली समस्या से त्रस्त ढेला के ग्रामीणों ने लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर :** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ढेला गांव में बीते एक माह से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बिजली समस्या से त्रस्त ग्रामीण समस्या समाधान के लिए मंगलवार को पांकी विधानसभा डॉक्टर कुशवाहा शशिभूषण मेहता से गुहार लगाई। ग्रामीणों के मांग पर मौके पर विधायक ने विद्युत विभाग के जीएम से दूरभाष पर बात की। उन्होंने ढेला के ग्रामीणों की समस्या को अवगत कराते हुए 100 केवीए के जगह पर 200 केवीए ट्रांसफार्मर लगवाने को कहा। जिस पर जीएम ने विधायक को अस्वस्थ किया कि ढ़ेला में 200 केवीए का हीं ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इस दौरान विधायक के द्वारा कनिय अभियंता को भी दूरभाष पर ढेला गांव में 200 केवीए ट्रांसफार्मर से जुड़े रिपोर्ट आगे बढ़ाने को कहा। मौके पर संजीव श्रीवास्तव, चंद्रधान साव सोनी, रितेश कुमार, भोला गुप्ता, राजू कुमार, चिकू कुमार, हैदरअली, मुर्तुजा समेत काफी संख्या लोग मौजूद थे।

# बकरीद का पर्व शांति व सौहार्द पूर्ण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शांति पूर्ण वातावरण में बकरीद की नमाज निर्धारित समय के अनुशार पढ़ी गई। बकरीद की नमाज सुबह 6 बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक अपने अपने मस्जिदों में नमाजे अदा की गई। साथ हीं नमाज अदा के बाद एक दूसरे से गले मिले और हजरत इब्राहिम अलैहे अस्लाम की सुनतों के याद ताजा किया ।तत्पश्चात अपने अपने घरों में हैसियत के अनुशार बकरे की कुर्बानी की गई। यह कुर्बानी हजरत इब्राहिम अलैहे अस्लाम ने रब यानी खुदा को राजी करने के लिए कुर्बानी की थी उसी दिन से कुर्बानी का प्रचलन इस्लाम धर्म में शुरू हुआ है। हलाके कुर्बानी केवल बकरे की नहीं बल्कि जानों व माल तथा गंदी नियति की भी कुर्बानी इस्लाम धर्म में देने की बात कही गई है। इधर बकरीद पर्व को शांति व सौहार्द पूर्ण मनाने को लेकर जिला से लेकर सभी थाने के पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखे। वहीं इस्लाम पसंद लोगों ने हैसियत के अनुशार हजरत इब्राहीम अलैहे अस्लाम का सुनते अदा किया।

### जन्म दिन के अवसर पर भोग प्रसाद का किया वितरण



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जायन्ट्स वेलफेयर फेडरेशन के वर्ल्ड चेयरमैन सह संस्थापक पदमश्री नाना चुडासमा के जन्म दिन के अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों ने सोमवार की शाम पुराना बैल बाजार स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर भोग प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप के अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, देव शंकर प्रसाद, राहुल कुमार, विनोद कुमार कांस्यकर, हीरालाल, ललित किशोर सहित अन्य गण्यमान्य लोग व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

### साइबर अपराधी ने खाता से उड़ाए 83879 रु



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों साइबर अपराधी काफी सक्रिय है। जो लोगों के खाते से पैसा निकाल लेने में माहिर है। ऐसा ही कुछ नवाडीह गांव के सरफुदिन अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र रहीम अंसारी के बैंक खाता से साइबर अपराधियों के द्वारा 83889 रुपए फर्जी निकासी कर लिया गया। भुक्तभोगी रहीम अंसारी ने बताया कि मेरा पंजाब नेशनल बैंक के खाता संख्या 2653001700392969 से अपराधियों द्वारा 17 जून 2024 को 30000 रुपये, दूसरी बार में 29999 रुपये, तीसरा बार में 10000 हजार, वही 18 जून 2024 को चौथी बार में 10000 रुपये, पांचवी बार में 3880 रु सहित कुल 83879 रुपए फर्जी निकासी कर लिए गया। उन्होंने बताया कि मैं काफी गरीब मजदूर व्यक्ति हूं मैं मजदूरी कर अपना आवास बनाने के लिए खाते में पैसा जमा किया था। परंतु साइबर अपराधी द्वारा मेरे खाते में जमा सभी राशि अवैध तरीके से निकासी कर लिया गया। भुक्तभोगी रहीम अंसारी ने पुलिस प्रशासन से कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ न्याय दिलाने की मांग किया है।

**चीर प्रतीक्षित बलरा सरसोत सड़क के बटाने नदी पर पुल निर्माण का काम होगा पूरा**

# जनता से किया गया एक एक वादा पूरा करने का कर रहे हैं प्रयास : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** हरिहरगंज के बलरा सरसोत सड़क के बटाने नदी पर चीर प्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य करने की निविदा निकलने से हरिहरगंज प्रखंड के साथ साथ सड़क से जुड़े अन्य गांव के लोगों में भी हर्ष है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि हरिहरगंज क्षेत्र के संबंधित गांव के लोगों की एक मात्र मांग पुल का निर्माण कराने की थी। उन्हे हरिहरगंज आने जाने के लिए नदी पार कर आना जाना पड़ता है। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार से करीब पांच करोड़ की लागत से पुल निर्माण कार्य पूरा कराने की निविदा निकाल दी है। छह माह में कार्य पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की लगभग सभी सड़को के काया कल्प करने का काम इस वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के नकारात्मक रवैया के बावजूद काफी प्रयास कर धरातल पर योजनाओं को उतारा जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी के द्वारा विकास कार्यों में गड़बड़ी की जाती है तो उसकी सूचना जरूर दें। तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा मधुबन में आयोजित प्रशिक्षण से लौटे बजरंग दल के सदस्यो का हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विश्व हिंदू परिषद की ओर से गिरिडीह जिले के पारसनाथ मधुबन में आयोजित आठ दिवसीय विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की प्रशिक्षण शिविर समापन के पश्चात रविवार को बजरंग दल के सदस्य सिमडेगा पहुंचे, सिमडेगा पहुंचने के साथ ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा उनका माला पहनाकर महावीर मंदिर सिमडेगा में स्वागत किया गया। मौके पर बताया गया की 8 दिनों के प्रशिक्षण शिविर में उन्हें शारीरिक बौद्धिक एवं अन्य सभी प्रकार की प्रशिक्षण दिए गए जिससे कि बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद को मजबूती प्राप्त हो सके वहां बताया गया कि केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे, प्रान्त अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत जी,मंत्री देवी सिंह,रंगनाथ महतो, बजरंग दल प्रान्त सयोंजक दीपक ठाकुर सहित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत स्तरीय पदाधिकारी एवं कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा उन सभी को प्रशिक्षण दिया गया है, जिसका लाभ सिमडेगा जिला के बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के संगठन को होगी। मौके पर जिला मंत्री कृष्णा शर्मा बजरंग दल नगर संयोजक मानस प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा अध्यक्ष का किया गया स्वागत



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले नवनिर्वाचित गढ़वा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पासवान का भवनाथपुर की युवाओं ने जोशोखरोश के साथ स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष के द्वारा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर उन्होंने कहा टाइगर जयराम की पार्टी झारखंडी हित मे लड़ाई लड़ रही है उसे हमसभी को मिलकर सफल बनाना है। इस दौरान जयप्रकाश गुप्ता अतुल गुप्ता शैलेश गुप्ता ओमप्रकाश गुप्ता विजय महतो धर्मेंद्र कोरबा राजमोहन यादव पंकज आनंद पासवान विजय पासवान पवन रवि शिवपारस मनोज संदीप जयप्रकाश सभी सम्मानित सदस्य मौजूद थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## झारखंड एथलेटिक्स संघ सेलेक्शन कमिटी की चेयरमैन बनी किरण रानी नायक

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली के निदेश के आलोक में झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन ने पूर्वी क्षेत्र,राष्ट्रीय जूनियर सिनियर एथलेटिक्स समेत सभी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में राज्य के एथलीटों के भागेदारी को लेकर पारदर्शी तरीके से सेलेक्सन हेतु सिलेक्शन कमिटी का पुनर्गठन किया है। जो कमिटी निम्नवत है। चेयरमैन किरण रानी नायक (अंतरराष्ट्रीय एथलीट/तकनीकी पदाधिकारी) सदस्य विनोद सिंह (मुख्य प्रशिक्षक सह अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक),पुष्पा हस्सा (अंतरराष्ट्रीय एथलीट),रितेश आनंद (अंतरराष्ट्रीय एथलीट), अजय नायक (अंतरराष्ट्रीय एथलीट) कन्वेनर योगेश प्रसाद यादव (वर्ल्ड एथलेटिक्स लेबल 2 प्रशिक्षक) भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक,झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी.डी.सिंह सचिव एस.के.पांडेय समेत संघ के पदाधिकारियों ने सेलेक्सन कमिटी को बधाई देते हुए विश्वास जताया की झारखंड के एथलीटों के बेहतरी के लिए सेलेक्सन कमिटी निष्पक्ष रुप से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी ।

## जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। इससे पूर्व अदालत ने 10 जून को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 48/2022 में वारंट लिया था।

# खूंटी से राजस्थान ले जाया जा रहा था करोड़ों का डोडा, पुलिस ने पकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची चंदन सिन्हा को सूचना प्राप्त हुई कि नामकुम थाना अन्तर्गत सरवल से तुजू जाने वाली सड़क से 01 कि0मी0 की दुरी पर स्थित जंगल झाड़ी वाले क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा ट्रक में अफीम डोडा लोड करवाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मु0) प्रथम, रॉची के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सरवल चौक से करीब 01 कि0मी0 पश्चिम दिशा में अवस्थित जंगल-झाडी क्षेत्र में छापामारी की गयी। पुलिस वाहन को देख कर व रात्रि के अंधेरे तथा जंगल-झाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाकर ट्रक चालक एवं वाहन में अफीम डोडा लोड करने वाले व्यक्ति भाग गये। छापामारी दल द्वारा वाहन का भौतिक निरीक्षण करने पर 12 चक्का ट्रक सं0-आरजे19जीसी5246 पर प्लास्टिक के बोरे में अफीम डोडा लोड पाया गया है।

ट्रक के केबिन की जाँच करने पर राजस्थान के जोधपुर जिला से पंजिकृत उक्त वाहन का पंजीकरण दस्तावेज पाया गया, जिसमें वाहन मालिक का नाम मादा राम, तलिया नोसार ओसियों जिला जोधपुर राजरथान अंकित है। उक्त वाहन को विधिवत जब्त किया गया है। छापामारी दल को यह स्पष्ट हुआ कि अफीम डोडा के खरीद-बिक्री / व्यापार, परिवहन एवं भंडारण में स्थानीय व्यक्तियों के अतिरिक्त राजस्थान का अन्तर्राज्यीय गिरोह शामिल है। उक्त घटनाक्रम का नामकुम थाना में प्राथमिकी सं0-232/24, दि0-18.06.2024, धारा-15(ष्ट) /18 (ड्ड) /22 (ष्ट) /25/28 NDPS Act. दर्ज कर कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया है तथा अफीम डोडा के अवैध कारोबार में संलिप्त संजाल (Ne&us) को ज्ञात करने के बिन्दु पर गहन अनुसंधान किया जा रहा है। घटना में संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**जब्त किये गये सामानों की विवरणी :** अफीम डोडा के प्लास्टिक बोरा की संख्या-123 बोरा (2885 कि0ग्रा0) 02. 12 चक्का ट्रक-01 अदद (रजि0नं0-आरजे19जीसी-5246) वाहन का पंजियन दस्तावेज ।

**अनुसंधान में शामिल पदाधिकारियों कर्मियों का नाम :** अमर कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक (मु0) प्रथम, राँची, ब्रह्मदेव प्रसाद, पु0नि0 सह थाना प्रभारी नामकुन, राँची, पु0अ0नि0 चूड़ामणि टुड्ड, ओ0पी0 प्रभारी, खरसीदाग, राँची शामिल थे।

# विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर उतारेंगे प्रत्याशी : जयराम महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख जयराम महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। रांची के ऑक्सीजन पार्क में मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सवर्ण उम्मीदवार भी उतारे जाएंगे, जिसमें बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल होंगे। जयराम ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कुल आठ सीटों पर हमने प्रत्याशी उतारा था। इन आठ लोकसभा सीटों के अंदर 46 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जाहिर तौर पर इन सभी 46 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा जमशेदपुर, खूंटी और गोड्डा लोकसभा सीट के अंतगर्त आने वाले विधानसभा क्षेत्रों से भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि 15 से 25 दिन के अंदर पार्टी को सिंबल भी अलॉट कर दिया जायेगा। साथ ही पार्टी का रजिस्ट्रेशन भी हो जायेगा। जयराम महतो ने कहा कि कोई एक विशेष दल हमारी पार्टी के लिए चुनौती नहीं है। क्योंकि, उन्होंने वहां से वोट लाया, जहां से आजसू के अलावा बाकी पार्टियां थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पारंपरिक सीट बेरमो से उनको 13,53,000 वोट मिले। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सीट टुंडी से 60,000 और डुमरी से 90,000 वोट मिले। साथ ही कहा कि किसी एक दल से हमारी लड़ाई नहीं है। हमारी लड़ाई विचारधारा की है। फिलहाल ये लोग जो पॉलिटिक्स कर रहे हैं, उससे जनता कहीं ना कहीं कट रही है। हां, हमें समय लगेगा लेकिन आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति में हमलोग बेहतर स्थिति में होंगे। हम लोगों के लिए पार्टी नहीं मुद्दे मायने रखते हैं। जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा का चुनाव राज्य के मुद्दों पर लड़ेंगे। झारखंड का सबसे ज्वलंत मुद्दा अभी छात्रों की निराशा है। यदि हम सरकार में आते हैं तो हम सबसे पहले होने वाली परीक्षाओं में पारदर्शिता लायेंगे। फ्री एंड फेयर एग्जाम लिये जायेंगे। इसके लिए आंदोलन भी करेंगे।

## सदर अस्पताल के सर्जन डॉ. प्रकाश ने कैंसर की एक और सफल सर्जरी की




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सिल्ली की रहने वाली 47 वर्षीय महिला, पेशाब के रास्ते से खून आने की शिकायत लेकर महिला विभाग के ओपीडी में दिखाने आई थी। वहां पर सीटी स्कैन एवं बायोप्सी करने से एंडोमेट्रियल कैंसर होने का पता चला ।14 जून 2024 को उसका ऑपरेशन सदर अस्पताल किया गया, जिसे Total Abdominal Hysterectomy + BSO + PLND किया गया। (जिसमें गर्भाशय, अंडकोष एवं Lymph Node निकाल दिया गया)ऑपरेशन के बाद मरीज तेजी से स्वास्थ्य लाभ ले रही है, उसे मुंह से खाना पीना देना शुरू कर दिया गया है एक-दो दिनों में उसे छुट्टी भी दे दी जाएगी । आगे का इलाज ब्बह्श्शह्य4 की रिपोर्ट पर भी निर्भर करेगा। ऑपरेशन करने वाली टीम में निम्नलिखित लोग शामिल थे कैंसर सर्जनः- डॉक्टर प्रकाश भगत, लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार,एनीस्थिटिस्ट डॉ जयवंत मुर्मू , ओटी असिस्टेंट सरिता , शशि.. आदि।

# तार काटकर भारत में प्रवेश करने वाली तीन बांग्लादेशी युवतियों को मिली बेल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची ।** बीते पांच जून को गिरफ्तार की गई बांग्लादेशी तीन युवतियों को सिविल कोर्ट रांची ने बेल दे दिया है। ये तीनों युवतियां अवैध रूप से भारत में घुसकर जिश्मफरोशी करने के आरोप में गिरफ्तार हुई थी। इन तीन आरोपी युवतियों को जमानत दे दी है।

कोर्ट ने जमानत के लिए यह शर्त रखी है कि आरोपियों को दस-दस हजार के दो निजी मुचलके भरने साथ-साथ ट्रायल में सहयोग करने और केस चलने के दौरान मोबाइल नंबर नहीं बदलने का निर्देश दिया है। आरोपी युवतियों की ओर से अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने बहस की। रांची पुलिस ने 5 जून को तीन बांग्लादेशी मूल की युवतियों को बरियातू थाना क्षेत्र के बाली रिसोर्ट हिल व्यू रोड से गिरफ्तार किया गया था।

तीनों बांग्लादेशी महिलाओं का नाम और पता पूछने पर इनके द्वारा फर्जी तरीके से भारत में बनाये गये आधार कार्ड दिखाया गया। जिनमें इनका नाम पायल दास, अनिका दत्ता और खुशी लिखा गया है। लेकिन इसकी जांच करने पर पता चला कि इनमें निम्पी बरुआ उर्फ पायल दास , सरमीन अख्तर उर्फ अनिता दत्ता और निपा अख्तर उर्फ खुशी जो अपना नाम बदलकर भारत में रह रही हैं।

# रांची के पिठोरिया से तीन जुआरी गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चंदन सिन्हा को सूचना प्राप्त हुई कि पिठौरिया थाना क्षेत्र के चंदवे रेलवे ट्रैक के पास अवैध रूप से जुआ का संचालन हो रहा है। एक टीम का गठन किया गया गठित टीम के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुये पिठौरिया थाना अन्तर्गत चंदवे रेलवे ट्रैक के पास छापामारी की गयी, छापामारी के दौरान क्रमशः तीन लोगों को 1. जियाउल अंसारी - इरबा थाना ओरमांझी , आलम अंसारी चकला, थाना- ओरमाझी और फहीयाद अंसारी हेसल थाना अनगड़ा सभी जिला राँची को जुआ खेलते पकड़ा गया एवं बाकी लोग भागने में सफल रहे। खेल के जगह से ताश का पत्ता, वाहन एवं नगदी बरामद की गयी । इस संदर्भ में पिठौरिया थाना काण्ड सं0-80/24, 17.06.24, धारा-420/24 भादवि एवं 11 बंगाल जुआ अधिनियम दर्ज की गयी। बरामद सामान की विवरणीः तीन सेट ताश का पत्ता,तीन मोबाईल, 12 दो पहिया वाहन, तीस हजार पाँच सौ रूपया नगद छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों का नाम ,पुअनि गौतम कुमार राय, पुअनि संतोष यादव थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## 200 यूनिट बिजली फ्री : विधायक अंबा प्रसाद ने सीएम का जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद में राज्य में 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने की मांग की थी इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इसकी घोषणा कर दी है अब राज्यवासियों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के घोषणा पर विधायक अंबा प्रसाद ने आभार जताते हुए कहा कि विधानसभा में 200 यूनिट बिजली राज्य वासियो को मुफ्त देने की मांग की थी जिसके बाद मुख्यमंत्री ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की है आगे उन्होंने कहा की राज्य सरकार गरीब गुरबा की सरकार है एवं हमारी सरकार लगातार जनकल्याणकारी फैसला ले रही है। विदित हो कि बजट सत्र के दौरान दिनांक 2 मार्च 2024 को तारांकित प्रश्न के माध्यम से बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने सदन को अवगत कराते हुए बताया था कि राज्य के 42.16 प्रतिशत लोग गरीब हैं, जो पूरे देश में बिहार (51.91त्न) के बाद सर्वाधिक है। राज्य सरकार के द्वारा वर्ष 2022 में बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की शुरुआत करने के बाद इसे 125 यूनिट तक बढ़ाने की कवायद चल रही है लेकिन राज्य में एक बड़ी आबादी गरीब तबके की है, जो बिजली बिल दे पाने में भी असमर्थ है इसलिए राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दिया जाए।

## कैलाश की करूणा, रांची से 13 दर्शनार्थी आदि कैलाश रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची।** मुख्य अतिथि समाज सेवी नंद किशोर सिंह चंदेल ने अंग वस्त्र एवं धर्म ध्वज देकर जत्थे को किया रवाना। साथ में अमन ठाकुर,कार्तिक उपस्थित रहे।निःशुल्क चिकित्सा उपकरण बैंक कैलाश की करुणा, राँची के संस्थापक कैलाशी अरविन्द सिहं कौशल के नेतृत्व में 13 यात्रीयों का जत्था आदि कैलाश रवाना हुआ। जत्थे में पुरे भारत से 60 दर्शनार्थी हैं जिसमें राँची से 13 दर्शनार्थी हैं। जत्था बनारस होते हुए 20 जून को धारचुला जाएगा। जत्था बाबा विश्वनाथ, श्री आदि कैलाश, ओम पर्वत, गौरी कुंड, पार्वती सरोवर, नाभी डांग, गणेश पर्वत, पांडव पर्वत, नीम करौली बाबा, कैची धाम, गोलु देवता, जागेश्वर धाम, नारायण आश्रम, पताल भुवनेश्वर मंदिर, व्यास मुनि गुफा, काली मंदिर दर्शन कर 27 जून को राँची वापसी करेगा। जत्थे का नेतृत्व करनेवाले कैलाशी अरविन्द सिंह कौशल के साथ राँची शहर के प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य आर के तिवारी जी, अतुल कुमार, अशोक कुमार सिंह, रेणु सिंह, आर्यन आनंन्द, अलका तिवारी, ॠत्विक परितोष, जयश्री कुमारी, डॉ. आदिती कुमारी, पुष्पलता कुमारी, संतोष गुप्ता, पवन कुमार सहित 13 शिव भक्त राँची से शामिल हैं।

# आरपीएफ ने बीयर के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बीयर के साथ एक आरोपित अमृत कुमार को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के पटना का रहनेवाला है। इसके पास से 48 बीयर बरामद किया गया। ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ मुरी ने यह कार्रवाई की है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों और ट्रेनों में औचक निरीक्षण लगातार जारी है। इसी क्रम में आरपीएफ मुरी और फ्लाइंग टीम रांची मुरी रेलवे स्टेशन पर गुप्त निगरानी के क्रम में एक व्यक्ति को बड़े बैग के साथ जल्दीबाजी में गाड़ी संख्या 12366 में उठने के लिए भागते पाया। संदेह होने पर उसे रोककर बैग चेक करने पर उसमें से 48 बीयर बरामद किए गए।

## रांची के स्पा सेंटर में पकड़े गए तीन आरोपितों को मिली जमानत

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को लालपुर थाना क्षेत्र से बैंबू स्पा सेंटर में पकड़े गये तीन आरोपितों को जमानत दे दी। इनमें राकेश रंजन, आर्यमान कुमार और ऋषि बंका शामिल हैं। तीनों आरोपित स्पा सेंटर के ग्राहक थे। अदालत ने स्पा सेंटर के नाम पर जिस्मफरोशी कराने के आरोपित और स्पा के संचालक दिल्ली निवाड़ी गौरव अग्रवाल सहित स्पा के अन्य कर्मचारियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। साथ ही सभी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# सीता सोरेन के लिए झामुमो कर रहा हमदर्दी का नाटक : प्रतुल शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि आज यह लोग सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं।प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जिस समय सीता सोरेन ने सोरेन परिवार के ऊपर उनकी और उनकी बेटियों की उपेक्षा का आरोप लगाया था तो झामुमो चुप रही। सीता सोरेन ने अपने आंदोलनकारी पति स्व दुर्गा सोरेन की मौत को संदेहास्पद बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी तो झारखंड मुक्ति मोर्चा को सांप सूंघ गया था।आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रतुल ने कहा कि जब सत्ताधारी गठबंधन के प्रथम परिवार के भीतर मां समान बड़ी बहू की अपेक्षा की गई हो तो इन से आम लोगों के लिए न्याय की उम्मीद की बात सोचना भी बेमानी है। वैसे अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा आरोपों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करती है तो उसे अपने ही गठबंधन के विधायक लोबीन हेंब्रम,चमरा लिंडा ,अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह के द्वारा अलग-अलग समय पर सरकार पर लगाए गए गंभीर आरोपों का भी प्रेस कांफ्रेंस कर जवाब देना चाहिए। प्रतुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद सत्ताधारी गठबंधन बदहवास हो गया है।जिस समय 2019 में इन लोगों ने चुनाव जीता था तब इनके पास 48 विधायक थे एवं तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन था। इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 50 सीटों पर आगे रहा जबकि इंडी गठबंधन सिर्फ 29 सीटों पर सिमट गया। इन्हें पता है कि अगले चुनाव में इनका सुपड़ा साफ होने वाला है। इसलिए यह अनर्गल बयान बाजी पर उतर आए हैं।

# सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** 18 जून 2024 को झारखण्ड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता-2024 का उद्घाटन पटेल मयुर कन्हैयालाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक, झासपु, रॉची मुख्य अतिथि के द्वारा विधिवत् किया गया है।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन में सभी वाहिनीयों के खिलाड़ियों के द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा टीम कैप्टन के द्वारा शपथ दिलाया गया कि सभी नियमों का पालन करते हुए इसमें सच्ची भावना से भाग लेंगे और अपनी संस्था के यष और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।साथ ही जैप-2 के पुलिस पदाधिकारी/कर्मी के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखण्ड की गीत / देश भक्ति गीत पर नृत्य कला की शानदार प्रस्तुति किया गया है।उद्घाटन मैच के फुटबॉल खेल में एसआईआरबी-2, खूंटी एवं आईआरबी-1, जामताडा के बीच खेला गया है, जिसमें आईआरबी-1, जामताडा 2-0 से जीत हासिल किया गया है।उक्त उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के आलावे अजीत पीटर डूंगडूंग, समादेष्टा-1, रॉची, पियुष पाण्डेय, समादेष्टा-10, (मव), होटवार, राँची, मुकेश कुमार, समादेष्टा-4, बोकारो, आनन्द प्रकाश, समादेष्टा-6, जमशेदपुर, विजय आशीष कुजूर, समादेष्टा, आईआरबी-2, मुसाबानी, एमेल्डा एक्का, एसआईआरबी-2, खूंटी, अविनाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, झासपु 2, टाटीसिलवे, रॉची, सभी वाहिनियों के टीम प्रबधंक / टीम मैनजर, पुलिस पदाधिकारी/कर्मी के परिजन उपस्थित थे। 8.62 (सरोजनी लकड़ा, भापुसे) समादेष्टा,झासपु 2, टाटीसिलवे, राँची। -सह-नोडल पदाधिकरी, क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगता-2024 है।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के दोषी को 12 साल की सजा

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने मंगलवार को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के दोषी विनय कुमार पासवान को 12 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 26 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं भरने पर एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस मामले में पीड़िता ने चुटिया थाने में कांड संख्या 82/2019 दर्ज कराया था। पीड़िता और आरोपित दोनों के बीच चार साल से प्रेम संबंध था। विनय पीडता को बहला फुसलाकर चुटिया के एक होटल में ले जाकर संबंध बनाया था और शादी का झांसा देकर लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपित शादी करने से मुकर गया। मामले में अभियोजन पक्ष ने पीड़िता के पिता सहित पांच अन्य लोगों को गवाह बनाया था। ट्रायल के दौरान पीड़िता के पिता की मृत्यु हो गयी थी।

# पिपरवार कोयलांचल मे अकीदत के साथ मनायी गई ईद उल अजहा

## मस्जिदों और ईदगाह में उमड़ी भीड़, बच्चों में दिखा उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचंल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में सोमवार को ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार आपसी सौहार्द और सादगी के साथ मनायी गई।बकरीद की नमाज अदा करने को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह में भारी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सभी मस्जिदो और ईदगाह मे अपने निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई।बचरा जामा मस्जिद मे सुबह सात बजे बकरीद की नमाज अदा की गई।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने नमाज पढ़ायी,जिसके बाद क्षेत्र,राज्य एंव देश की खुशहाली और आपसी भाईचारगी के लिए दुआ मांगी



गई।वही क्षेत्र के बहेरा, कल्याणपूर, न्युमंगरदाहा,राय और पुरानीराय मे भी अकीदत के साथ बकरीद की नमाज अदा की गई।नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर त्योहार की बधाई दी।वही बच्चों मे भी त्योहार का उत्साह देखा गया और बच्चो ने भी एक दुसरे के गले मिलकर उत्साह मनाया।इधर नमाज के बाद लोगो ने अपने अपने घरो में बकरे की कुर्बानी दी।इधर दुसरी ओर त्योहार को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया।सभी मस्जिदो व ईदगाह में पुलिस बल के जवानो को सुरक्षा मे तैनात किया गया था।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय दंडाधिकारी के साथ पुरे क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ले रहे थे।पिपरवार क्षेत्र के सभी जगहो पर आपसी भाईचारगी व शांतिपूर्ण माहौल मे बकरीद का त्योहार मनाया गया।इधर बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने बकरीद की नमाज के बाद अपने तकरीर में कहा कि जकात अदा करने वाले सभी मुस्लमानों पर कुर्बानी फर्ज है,कुर्बानी से आफत एंव बला दुर होती है और खुशहाली आती है।उन्होंने अपने तकरीर मे कहा कि बीमार, लाचार और माली हालात खराब रहने वाले यदि कुर्बानी देने से वंचित रहे तो वह गुनाह के हकदार नही होता है,लेकिन यदि मालदार होने के बावजुद जो कुर्बानी नही देता हो तो वह गुनाह के हकदार होता है,इसलिए जकात अदा करने वाले प्रत्येक मुस्लमानो पर कुर्बानी फर्ज है।उन्होंने कोयलांचंल क्षेत्र के सभी लोगो को ईद उल अजहा बकरीद की बधाई दी,साथ ही राज्य एंव देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगा।

## पिपरवार में स्वच्छता पखवाड़ा की हुई शुरुआत, अधिकारियों को दिलाई गई शपथ

# स्वास्थ्य शरीर के लिए स्वच्छता जरुरी : सीबी सहाय

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बुधवार से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे जागरूकता एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह मे पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलायी।इस संबधं मे जीएम सीबी सहाय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष पिपरवार में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। इसके तहत सीसीएल प्रबधंन के द्वारा आम



जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को लेकर कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य शरीर के लिए स्वच्छता सभी के लिए जरूरी है।उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ अपने आसपास के इलाकों के स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान रख रही है,जिसके तहत आवासीय कॉलोनियों एंव ग्रामीण इलाकों की साफ-सफाई के अलावा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का भी काम किया जा रहा है।उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए अपने आसपास के इलाकों को स्वच्छ रखने की अपील की।इस मौके पर एसओसी सुमन कुमार,संगीत कुमार,जेएन दत्ता,शिशिर गर्ग,उज्जवल कुमार,ज्योति कुशवाहा, सुभोजित हलदर,आरिश इकबाल,केके चतुर्वेदी,हिमांशु चार्टर सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इधर दुसरी ओर अशोक परियोजना के वर्कशॉप कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया।अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति तत्परता दिखाते हुए सप्ताह में दो घंटे साफ सफाई करने,गंदगी को दूर करने,अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रो की साफ सफाई करने और स्वच्छता के प्रति अपने पास पड़ोस और क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने को लेकर शपथ दिलाई गई।मौके पर कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग,जगदीश मडंल, शंभु शरण प्रसाद,निरजंन कुमार,केके चतुर्वेदी,रविंद्र सिंह,दिनेश ठाकुर,काशीनाथ महतो,विकास कुमार,रमेश महतो सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## ईद उल अजहा की नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में सोमवार को बकरीद पर्व बड़ी ही धूमधाम से भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग क्षेत्र के कोलवाडीह, सुलुमजुड़ी, कुटाम, काटांडीह, रेलवे मस्जिद, पहाड़ी मुहल्ला मस्जिदों में ईदगाह में पहुंच कर ईद उल अजहा (बकरीद)की नमाज अदा किया और पुरे भारतवर्ष के लिए शांति अमन चैन की दुआ मांगा। नमाज अदा के बाद सभी एक दुसरे से गले मिलकर बकरीद पर्व की बधाई दिया।



महिलाएं भी अपने अपने घरों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की और एक दुसरे को मुबारकबाद दिया। बकरीद पर्व पर सभी ने अपने घरों में बकरे की कुर्बानी दी। बकरीद पर्व को लेकर क्षेत्र में काफी चहल-पहल रहा। क्षेत्र में प्रशासन भी मुस्तैद रही।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का सिल्ली में भव्य स्वागत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव जितने के बाद संजय सेठ का सोमवार को सिल्ली क्षेत्र का एकदिवसीय दौरा। सिल्ली पहुंचते ही केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सेठ ने बुढ़ाम स्थित शहीद रघुनाथ महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया साथ ही दिवंगत सुधीर सोनार एवं विनोद साहू के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात किया एवं ढांढस बंधाया।उसके बाद झारखंड



मोड़ स्थित शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सिंगपुर चौक स्थित स्व.विष्णुचरण महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सिंगपुर चौक पर महिलाओं ने संजय सेठ से मुलाकात कर बिजली पानी सड़क की समस्याओं से अवगत कराया। लौटने के दौरान संजय सेठ सिंगपुर नर्सिंग होम पहुंचे और डॉ रामनेश प्रसाद से मुलाकात कर मरीजों से मिले और सभी मरीजों के बीच फल वितरण किया। साथ ही सभी को आश्वासन देते हुए कहा की जो भी खामी है सब पुरी की जाएगी।इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, डॉ राजा राम महतो, सृष्टिधर महतो, प्रमोद प्रसाद, विजय कोईरी, प्रेमनाथ, दिनेश महतो, कृष्णा महतो, सदानंद महतो, चंदन गोस्वामी, समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा पंचायत के मुखिया श्रीमती डोली मुण्डा के नेतृत्व में आज चतरा के ग्रामीण टाटीसिलवे थाना प्रभारी सें मिले और पुरे पंचायत में सख्त कार्रवाई करतें हुए शराब बिक्री पर पुर्ण प्रतिबंध लगाने के संबंध में ज्ञापन सौपा । थाना प्रभारी मनोज कुमार ने आश्वासन दिया कि हर हाल में नशामुक्त करायेंगे। मौके पर पुर्व मुखिया सोहन मुण्डा , महिला समूह कि दीदी मंजु देवी ,श्वेता कुमारी ,राजेश मिश्र ,यशोदा देवी,श्रेया कुमारी ,रिबन देवी ,हेमन्ती देवी ,मालखो देवी देवी,बैरसो देवी ,मोहरी देवी ,सरीता देवी,दीप्ती,खुशबु,मनीषा ,काजल एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।




## लोकसभा चुनाव के समीक्षा बैठक में शामिल हुए पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा पिपरवार मंडल के कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लातेहार जिला मे आयोजित चतरा लोकसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में शामिल हुए।बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई एवं एनडीए प्रत्याशियों की जीत पर बधाई दी गई।बैठक में शामिल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा चुनाव में पिपरवार भाजपा मंडल के द्वारा बेहतर प्रदर्शन पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा की प्रशंसा की। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में भी पूरे जोर-शोर से इसकी तैयारी में लगकर झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने देश में तीसरी बार एनडीए के नेतृत्व में सरकार बनने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी ।

## दामोदर-सपही नदी के संगम स्थल पर मनाया गया देवनद दामोदर महोत्सव

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युगांतर भारतीय दामोदर बचाओ आंदोलन और दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में पिपरवार क्षेत्र के दामोदर-सपही नदी के संगम स्थल पर देवनद दामोदर



महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और विशिष्ट अतिथि मे अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनजंय कुमार, पिपरवार क्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से पूजा पाठ कर गंगा आरती किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि दामोदर-सपही नदी के संगम स्थल पर देवनद दामोदर गंगा दशहरा प्रत्येक साल मनाया जाता है।यह इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि पिपरवार की धरती पर दोनों नदियों का संगम हुआ है। गंगा दशहरा के मौके पर नदी में स्नान करने से इंसान द्वारा किया गया पाप नाश हो जाता है।इस मौके पर देवनद दामोदर महोत्सव के जिला जिला संयोजक अश्विनी कुमार दाराद,पिपरवार संयोजक विजय लाल,दिलीप कुमार अम्बष्ट,सुरेंद्र बैठा,राम बच्चन यादव,शिवमंगल गिरी, संतोष गिरी,बिनय सिंह, संजय सिंह,अमर कुमार सिंह,मनोज सिंह,शिवपूजन चौहान,शीला देवी,मनीष सरावगी,गणेश सिंह,रूबी सिंहा,सुजाता सिंहा,रंजू सिंह, गीता देवी,विनय सिंह,अनिल कुमार सिंहा,इंद्रदेव शर्मा सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-03/2024-25

पत्रांकः– 406 दिनांक :– 18.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 02.07.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 03.07.2024 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 03.07.2024 के अपराह्न 3.15 (सवा तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Judicial Staff Quarter at Chatra for the Year - 2023-24 | 15,01,400.00 | 30100.00 | 5000.00 | 03 Months |

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.326785 Building(24-25):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–08/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Office of the Additional Director, Mines (Khanij Nagar Area) at Doranda, Ranchi for the Year 2024-25 | 4601543.00 | 92100.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 326409 Building(24-25)#D

### शपथ पत्र

शपथ के अनुसार -224 दिनांक 11.06.2024 मैं सुशीला देवी पति रंजित साव निवास ग्राम निधिया पोस्ट- बिकुवादाग थाना कर्रा जिला खूंटी झारखण्ड राज्य की स्थाई निवासी हूँ एवं शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ :-

1. यह कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मतदाता फोटो पहचान पत्र सं0 को एक्सएल-0125179 पर एवं मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र पर मेरा नाम सुशीला देवी दर्ज किया गया है, जो पूर्णत सही है।

2. यह कि भारत सरकार द्वारा मेरे नाम से आधार कार्ड निर्गत किया गया है, जिसका क्रमांक 2738 2810 1288 पर मेरा नाम हुलसू देवी दर्ज किया गया है जो गलत है।

3. यह कि वर्तमान में मुझे उपरोक्त आधार कार्ड पर जो मेरा गलत नाम हुलसू देवी दर्ज किया गया है, के थान पर सुधार करते हुए मेरा वास्तविक नाम दर्ज करवाना अति आवश्यक है।

4. यह कि यह शपथ पत्र मैं मेरे नाम से निर्गत आधार कार्ड पर जो मेरा गलत नाम "हुलसू देवी" दर्ज किया गया है, को सुधार करते हुए मेरी सही नाम सुशीला देवी दर्ज करने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।

5.यह कि उपरोक्त सभीब्यान मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही एवं सत्य है, जिसे मैं स्वयं पढ़ कर समझ ली तथा सभी तथ्य मेरे बताये अनुसार पूर्णतः सही एवं सत्य लिखा पाकर शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर दी ।

### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

शुद्धि–पत्र

पत्रांक–353 लातेहार,दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-29/2023-24 जिसका PR No. 325938 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e–निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 11.07.2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 326692 Water Resource-(24-25)D

### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

शुद्धि–पत्र

पत्रांक–351 लातेहार,दिनांक–13.06.2024

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-27/2023-24 जिसका PR No. 325933 Water Resources (24-25)D; विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

(1) e–निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 11.07.2024 अपराह्न 1.00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विश्वास भाजन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 326688 Water Resource(24-25)#D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा शीर्षकार्य प्रमंडल,राँची

E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

शुद्धि–पत्र

दिनांक 14.06.2024 को स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में अति अल्पकालीन निविदा प्रकाशित की गई थी। जिसका PR No.–326299 Drinking water & Sanitation (24-25) D. है, जिसमें निम्नांकित संशोधन किया जाता है।

1. अति अल्पकालीन निविदा को अल्पकालीन निविदा पढ़ा जाए।
2. अग्रधन की राशि (रूपये में) – 1180100.00 (ग्यारह लाख अस्सी हजार एक सौ रूपये)
3. बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 24.06.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में।
4. निविदा के पूर्व बैठक की तिथि – 26.06.2024 को 12:30 बजे अपराह्न में।
5. बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय – 02.07.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 03.07.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।

कार्यपालक अभियंता

PR 326759 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

ई मेल– eedwsd.ranchiwest@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति
सूचना

एतद द्वारा संवेदक M/S Shilpi Construction & Engineering Pvt. Ltd, At–Sirsia, Near Block Gate, P.O.- Sirsia, District – Giridih को सूचित किया जाता है कि विभागीय पत्रांक- 1252 दिनांक-29-05-2024 द्वारा टाटीसिल्वे-महिलौंग ग्रामीण जलापूर्ति योजना के एकरारनामा संख्या– SBD-4/2018-2019 को विखण्डित करने का निदेश प्राप्त है।

इस संदर्भ में वर्णित जलापूर्ति योजना की नियमानुसार अंतिम मापी हेतु दिनांक- 05-06-2024 को योजना स्थल पर उपस्थित होने के लिए इस कार्यालय के पत्रांक- 943 दिनांक- 01-06-02024 के द्वारा आपको सूचित किया गया था। परन्तु निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुए ना ही आपके द्वारा कोई पत्राचार किया गया।

अतः अंतिम रूप से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित कार्य के संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित करते हुए दिनांक- 29-06-2024 को व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर योजना के कार्य का नियमानुसार अंतिम मापी कराना सुनिश्चित करें।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

PR.NO.326730 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

### Office of the Executive Engineer Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**E-Procurement very short Tender Notice**

Tender Reference No. DWSD/LTR/SR-15/23-24(2nd Call) Date – 18.06.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 20.06.2024 अपराहन 04:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आर्न लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 28.06.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of Defunct T/Well with 125mmx115mm Blue Casing Pipe & Installation of IM-II Hand Pump with 32mm G.I Riser Pipe & C. Rod Cylinder Platform & drain Under D W & S Div Latehar. | SR-01 | 51 | 4278299.00 | 86000 | 5000.00 | 02 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 326721 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पेंशन राशि का जल्द भुगतान को लेकर डॉ अजय ने उपायुक्त को लिखा पत्र



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद एवं आईपीएस डॉ अजय कुमार ने जमशेदपुर के उपायुक्त को पत्र लिख कर अनुरोध किया कि पोटका प्रखंड के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा सर्वजन पेंशन योजना के तहत वृद्धा, विधवा, दिव्यांग और असहाय पेंशनधारियों को पेंशन की राशि का भुगतान जल्द किया जाए। डॉ अजय ने कहा कि पिछले चार माह से पेंशन नहीं मिलने से सभी के समक्ष दवा खरीदने और पेट भरने की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है।कई परिवार ऐसे हैं जो एकल हैं उनके समक्ष और ज्यादा समस्या देखने को मिल रही है।

## सोना देवी यूनिवर्सिटी के गर्वनिंग बॉडी के सदस्य बने टाटा स्टील के पूर्व प्रवक्ता प्रभात शर्मा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी जमशेदपुर के सोना देवी यूनिवर्सिटी ने टाटा स्टील के पूर्व प्रवक्ता प्रभात शर्मा को गर्वनिंग बॉडी का सदस्य नियुक्त किया है। घाटशिला स्थित सोना देवी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रभाकर सिंह द्वारा उनकी नियुक्ति की गई है। 3 साल के लिए प्रभात शर्मा को यह नियुक्ति दी गई है। श्री शर्मा यूनिवर्सिटी को सफल तरीके से संचालित करने में सहयोग करेंगे। ज्ञात हो कि प्रभात शर्मा टाटा स्टील के तेज तर्रार अधिकारी रहे हैं और काफी लंबे समय तक प्रवक्ता की भूमिका निभा चुके हैं। वे टाटा स्टील के कई पदों को सुशोभित करने के अलावा कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं।

## सिकल सेल जांच को लेकर तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय जागरूकता अभियान मुसाबनी में आज से



**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुसाबनी प्रखंड में सिकल सेल(खून की कमी) की जांच को लेकर तीन दिवसीय( 19-21 जून) प्रखंड स्तरीय जागरूकता अभियान कल बुधवार से चलाई जाएगी। जिस पर झारखंड सरकार के स्वास्थय मंत्रालय की ज्यादा फोकस जनजातीय बहुल क्षेत्रों में खास तौर पर होगी। यह जानकारी मुसावनी सामुदायिक स्वास्थय केंद्र केंदाडीह के प्रभारी सुंदर लाल मार्डी ने एक खास मुलाकात में कही। इस बाबत उन्होंने कहा की जिसकी सफलता को लेकर जिले के सिविल सर्जन जुझार माझी ने विडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सभी सीएचओ को दिशा निर्देश जारी की है। जिसके तहत 22 सब सेंटर, सहिया, एनएनएम, एमपीडब्लू को इसकी जिम्मेदारी दी गई है,तत्पश्चात अगले जुलाई महीने में इस अभियान की जांच जमीनी स्तर पर शुरू की जाएगी।

## राजनगर में प्रखंड स्तरीय सुब्रोतो कप फुटबॉल 20 जून को, तैयारी बैठक सम्पन्न

**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड संसाधन केन्द्र राजनगर में प्रखंड स्तरीय सुब्रोतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में बीईओ वसुंधरा दास, बोपीओ ममता दुबे तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थिति थे। बीईओने जानकारी देते हुए कहा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में आगामी 20 जून को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता राजनगर के ब्लॉक मैदान में आयोजित की जाएगी। वहीं प्रखंड के सभी स्कूलों के शिक्षकों को निर्देशित कर बुधवार तक खिलाड़ियों की सूची तैयार कर बीआरसी में जमा करने का निर्देश दिया गया।



## नवीनतम अभियान यिप्पी टॉस दर्शकों को करेगा प्रभावित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईटीसी लिमिटेड का एक प्रमुख इंस्टेंट नूडल और पास्ता ब्रांड, सनफीस्ट यिप्पी एक नए अभियान के साथ वापस आ गया है जिसमें देश के सबसे पसंदीदा क्रिकेटर्स - राहुल द्रविड़, जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव को दिखाया गया है। यह मजेदार अभियान टॉप क्रिकेटर्स की लोकप्रियता को एक मजेदार अंदाज में पेश करता है और यिप्पी! नूडल्स के यूनिक क्वालिटी के बारे में बताता है जो लंबे और नॉन-स्टिकी हैं। यिप्पी टॉस अभियान को देश भर के कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाया जाएगा। इस संबंध में आईटीसी लिमिटेड के स्नैक्स, नूडल्स और पास्ता, फूड बिजनेस की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, कविता चतुर्वेदी ने कहा कि भारत में क्रिकेट एक भावना है और इस खेल और यिप्पी! नूडल्स के स्वादिष्ट स्वाद को एक साथ लाने से बेहतर हमारे उपभोक्ताओं से जुड़ने का कोई और तरीका नहीं है।



## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के दो कमेटी मेंबरों के चुनाव के लिए 6 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के दो कमेटी मेंबरों के सेवानिवृत होने से खाली हुए पदों को भरने के लिए चुनावी तैयारी शुरू है। इसी बीच में चुनाव समिति के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को नामांकन पत्र वितरण किया गया। कुल 6 लोगों ने इसके लिए नामांकन पत्र खरीदा है। चुनावी कार्यालय ओल्ड कैंटीन टाटा मोटर्स प्रांगण में सुबह 10ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक नामांकन पत्र वितरण की सारी प्रक्रिया पूरी की गई। दोनों क्षेत्रों से कई प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया। एचबीटीएल क्षेत्र से कुल चार प्रत्याशियों ने एक पद के लिए नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्र खरीदने वालों में संतोष कुमार, रऊफ खान, बी के महतो, उपेंद्र कुमार शामिल है। वहीं प्लांट 3 बी आई डब्ल्यू क्षेत्र से दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा, जिसम देवाशीष सतपति और सुनील सिंह शामिल है। इस तरह से कुल दो पदों के लिए छः प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा. आपको बता दें कि इसका चुनाव 21 जून को होगा। इसको लेकर भी तैयारी चल रही है।

## भाजयुमो के दो जिला पदाधिकारी निलंबित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले दिनों भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के मीडिया प्रभारी मोंटी अग्रवाल एवं भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के आईटी सेल प्रभारी आशीष कुमार साहू के द्वारा फेसबुक अकाउंट से संगठन एवं पार्टी के वरीय नेताओं के ऊपर लगातार की जा रही टिप्पणी को संज्ञान में लेते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष ने कार्रवाई करते हुए उक्त नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने पत्र जारी कर भाजयुमो के दोनों जिला पदाधिकारी को पदमुक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है।

# पुराने जमीन विवाद में बड़े भाई ने छोटे की पीट-पीट कर ली जान






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल के कपाली ओपी क्षेत्र में पुराने जमीन विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की लोहे के पाइप से पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बड़े भाई के घर पर भी पथराव किया। बताया जाता है कि कपाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत रहमतुल्ला मस्जिद के पास रहने वाला हत्या आरोपी बड़े भाई मोहम्मद अहमद ने छोटे भाई 42 वर्षीय मोहम्मद अमजद की लोहे के पाइप से पीट कर हत्या कर दी, दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच मृत छोटे भाई अमजद ने बड़े भाई के घर के कटहल के पेड़ से कटहल तोड़ लिया था। जिससे आक्रोशित होकर उसने इस हत्या को अंजाम दिया. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बड़े भाई मोहम्मद अहमद के घर पथराव किया। मृतक के परिजन वो मोह्हले की लोगों ने अपने मांग को लेकर शव को छह घंटे तक उठाने नहीं दिया, लम्बे समय हाई वोल्टेज ड्रामा चला, मौके पर चांडिल सीडीपीओ सुनील कुमार रजवार चार थाना प्रभारी के साथ दल बल में पहुंची और मामले को शांत करा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी की खोजबीन में जुट गई हे.

# लोगों की समस्या से अवगत हुए उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय में आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगो से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। प्राप्त आवेदनों को उपायुक्त नें संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसरित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ समस्याओं का तत्काल ही समाधान किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि विवाद,आय प्रमाण पत्र निर्गत करने, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, आगामी रथ मेला को देखते हुए खरसावां प्रखंड अंतर्गत मुख्य सड़को की मरमत्ती, सड़क दुर्घटना में मृत के आश्रित को मुआवजा राशि भुगतान करने समेत विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।

# टाटा स्टील यूआइएसएल की बिजली के लिए कंसल्टेंट की बहाली बहुत जल्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के बिरसानगर में टाटा यूआइएसएल की बिजली युद्धस्तर पर देने के लिए टाटा यूआइएसएल के विद्युत महाप्रबंधक वीपी सिंह ने कंसल्टेंट की नियुक्ति की घोषणा की है। वह मंगलवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के साथ बिजली संबंधी मुद्दों पर बैठक कर रहे थे। श्री राय ने उनसे आग्रह किया था कि बिरसानगर, मोहरदा, बागुनहातु, बागुननगर, बारीडीह बस्ती, छायानगर, भुइयांडीह, लालभट्ठ, बाबूडीह, जेम्को, लक्ष्मी नगर, गायत्री नगर सहित सभी बस्तियों में टाटा यूआईएसएल की बिजली देने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। इस आग्रह के आधार पर ही महाप्रबंधक ने कंसलटेंट नियुक्ति की घोषणा की। बैठक में सरयू राय ने बारीडीह, शांतिनगर शक्ति नगर में टाटा यूआइएसएल बिजली देने के लिए सबस्टेशन स्थल का चयन तेजी से करने की बात कही। मंगलवार को टाटा लीज क्षेत्र और इससे सटे अन्य बस्तियों के निवासियों को टाटा यूआइएसएल का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर बनी कमेटी की बैठक बिष्टुपुर स्थित विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय में हुई। टाटा यूआइएसएल के विद्युत महाप्रबंधक ने बताया कि मोहरदा, मुरकाटी क्षेत्र में टाटा यूआइएसएल बिजली के लिए केबुल बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। मोहरदा क्षेत्र के लिए टेल्को सीवरेज प्लांट, रमनी काली मंदिर के समीप सब स्टेशन का निर्माण होगा। सब स्टेशन निर्माण के लिए बागननगर नशा मुक्ति केंद्र के समीप निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बागुनहातु क्षेत्र में सब स्टेशन निर्माण के साथ ही बस्तियों में एलटी नेटवर्क का भी कार्य साथ-साथ किया जाएगा। भुइयांडीह में टाटा यूआइएसएल बिजली के लिए नेटवर्क बिछाने का कार्य शुरू होगा। इसके लिए आवश्यक वित्तीय अनुशंसा प्राप्त हो गया है। टाटा यूआईएसएल के अधिकारियों ने बताया की छायानगर, कल्याण नगर में टाटा यूआईएसएल बिजली देने के लिए तैयार है। अभी तक 28 आवेदन प्राप्त हुए है। बैठक में झारखंड बिजली वितरण लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता, टाटा यूआईएसएल के प्रतिनिधि, जमशेदपुर अक्षेस के प्रतिनिधि, विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक नामांकन अभियान के तहत पहुंचे उ.म विद्यालय टांगरानी



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कोल्हान प्रमंडल मंगलवार को सरायकेला पहुंचे। नामांकन अभियान के तहत वे प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगरानी में कुल 09 बच्चों का नामांकन किए। विगत वर्ष अष्टम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र चन्दन पडिहारी को उनके द्वारा प्रोत्साहित किया गया। मौके पर उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय में संचालित समस्त गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु उन्होंने प्रोत्साहित किया। बैठक मे उपस्थित विद्यालय प्रधान को प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इमपेक्ट, विद्यालय स्वच्छता, विद्यालय में बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## नक्सलियों के आने की सूचना पर पुलिस ने चलाया एलआरपी अभियान



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दलमा क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना पर मंगलवार को एसएसपी के निर्देश पर पटमदा डीएसपी बचन देव कुजूर के नेतृत्व में दलमा के तराई क्षेत्र में स्थित आधा दर्जन गांवों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा गांव के पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान एवं अन्य लोगों से नक्सली गतिविधि को लेकर पूछताछ भी की गई। हालांकि इस दौरान पुलिस को कोई विशेष सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस द्वारा यह अभियान बोड़ाम थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित पोडाखूंटा, धोबनी, बोंटा सबर टोला, बांदरजोलकोचा आदि गांवों में चलाया गया। अभियान में बोड़ाम थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह, एसआई विजय सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

## युवा कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए डॉ अजय कुमार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार के निर्देशानुसार संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के 5 सेक्टर प्रभारी के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। सभी बैठक में डॉ अजय कुमार भी मौजूद थे। समस्याएं सुनी साथ ही विभिन्न पदाधिकारियों से फोन पर बात कर समस्या का निदान करने का प्रयास किया। इस अवसर पर क्षेत्र भ्रमण करने एवं प्रचार करने के लिए कांग्रेस का पंजा लगा लोगो वाला टी-शर्ट बुथ सेक्टर के पाधिकारियों को डॉ अजय कुमार द्वारा दिया गया। इस अवसर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, जमशेदपुर नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, बबलू झा, अभिजीत सिंह, कांग्रेस ओबीसी सेल के नगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीरज साहू, रवि रंजन, सागर साव, गोलू साव, किशन कुमार, कमलेश साव, लगन साव आदि मौजूद थे। बैठक का आयोजन कल्याण नगर में कांग्रेस लीडर रवि रंजन के नेतृत्व में, निर्मल नगर में समाज सेवी प्रमोद सिन्हा के नेतृत्व में, भुइयांडीह नंदनगर में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा अध्यक्ष नीरज साहू के नेतृत्व में भुइयांडीह साहू लाईन में कमलेश साव के नेतृत्व में बैठक किया गया।

## श्रीराम सुपर 4400 धान बीज से मिल रही फसल को रोग प्रतिरोधक क्षमता




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की इकाई श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 4400 धान बीज से बदलती प्रकृति में भी उनकी उत्पादकता बढ़ी है। आधुनिक अनुसंधान द्वारा विकसित की गई धान की किस्म, श्रीराम सुपर 4400, झारखंड के किसानों में बेहद लोकप्रिय हो रही है। इसमें मजबूत तना, लम्बी बालियाँ, भरपूर दाने, रोगों के प्रति सहनशीलता और कम समय व कम पानी में अधिक पैदावार मिलने के चलते ये बीज झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के किसानों में लोकप्रिय बन गया है। झारखंड, लातेहार के ऐसे ही एक जागरूक किसान बिहारी सिंह का कहना है कि श्रीराम सुपर 4400 धान बीज को वे पिछले वर्ष भी लगाए थे, उनका कहना है कि यह धान बहुत अच्छा है और इसमें उत्पादकता भी अन्य किस्म से ज्यादा है।

# 29 करोड़ की लागत से बन रही सड़क में आया दरार ग्रामीणों ने संवेदक को घेर जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के रापचा, बुरूडीह व कालिकापुर पंचायत के कई गांवों को जोड़ने के लिए करीब 29 करोड़ की लागत से बनाई जा रही सड़क निर्माण से पूर्व ही दरकने लगी है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा निर्माणाधीन सड़क पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माता एजेंसी अभिषेक कंस्ट्रक्शन के संवेदक अभिषेक कुमार का भी घेराव कर आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि आरसीडी विभाग की ओर से करीब 29 करोड़ की लागत से पिंड्राबेड़ा चौक से बुरूडीह, मुर्गाघुटू होते हुए सालडीह मोड़ तक करीब 16.3 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें एक सप्ताह पूर्व बुरुडीह में शुरू किया गया सड़क अभी से ही कई जगहों पर दरकने लगी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए अविलम्ब संवेदक पर कार्रवाई करते हुए सड़क को दुरुस्त करने की मांग किया। इस दौरान प्रदर्शन पूर्व मुखिया सोखेन हेंब्रम, ग्राम प्रधान रघुनाथ मंडल, सावना सोरेन, कविलाल मंडल, वृहस्पति मंडल, माताल माझी, रवींद्र नाथ सोरेन, तलंग मुर्मू, गोपाल सोरेन, लक्ष्मी सोरेन, सोहागी मुर्मू समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस बाबत एजेंसी के संवेदक अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क फटा नहीं है, बल्कि कुछ दिनों से अत्यधिक तापमान बढ़ने से हेयर क्रेक हुई है। इसी कारण सड़क में जगह-जगह दरार हो गई है। तापमान में सुधार होने के बाद दरार वाली जगहों को पुनः ठीक कर दिया जाएगा।

## आरवीएस अकादमी ने मनाया रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो ने आज रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस मनाया। कार्यक्रम में चेयरमैन बिन्दा सिंह, प्रिंसिपल वीशा मोहिंद्रा, उप-प्राचार्य अनीता तिवारी, शिक्षक और छात्र शामिल थे। समारोह की शुरुआत करते हुए बिन्दा सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी बहादुरी और बलिदान का बखान किया। आर वी एस अकादमी के विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन और विरासत पर प्रकाश डालने वाले प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उत्साहवर्धक भाषण, भावपूर्ण कविताएँ और एक आकर्षक नृत्य नाटिका शामिल थी, जिसने योद्धा रानी की साहसी यात्रा को जीवंत कर दिया। प्रधानाचार्य वीशा मोहिंद्रा कहा कि इस तरह के आयोजन राष्ट्रीय गौरव और ऐतिहासिक जागरूकता की भावना पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापनर विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्र के प्रति बहादुरी, वफादारी और समर्पण के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ के साथ हुआ।

## ओड़िशा के भटली धाम में श्याम प्रेमी सदस्यों ने निशान अर्पित किए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार टाटानगर के 41 सदस्यों की टीम निर्जला एकादसी के अवसर पर भटली धाम में बाबा श्याम का दर्शन कर निशान अर्पित किए। सभी श्याम भक्त सोमवार को भटली धाम में बाबा श्याम की ज्योत ली एवं पूजा अर्चना कर मंगलवार को वापस शहर लौटे। इस दौरान प्रमुख रूप से राजेश पसारी, गगन रुस्तगी, ललित डाँगा, अभिषेक अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, शिवम पसारी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, प्रीतिश गुप्ता, लोचन कुमार वैध, शुभम हारूपका, अशोक कुमार अग्रवाल, अंश डाँगा, प्रवीण भालोटिया, मनीष सिंघानिया, मुरारी अग्रवाल, संदीप बजाज, मदन लाल अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल एवम महिला सदस्य कविता अग्रवाल, पायल रूस्तगी, सुनीता पसारी, मंजू अग्रवाल, चन्दा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, स्नेहा गुप्ता, ॠतिका चौधरी, सुमन गुप्ता, लक्ष्मी देवी, तन्नू कुमारी, बानी नारायण, पायल केडिया, राजश्री हारूपका, मधु देवी अग्रवाल, पदमा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल शामिल थे।

## झारखंड में कभी भी हो सकता है विधानसभा चुनाव, तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : सहिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की एक बैठक जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनावी मूड में तैयार हो जाएं क्योंकि विधानसभा का बिगुल कभी भी बज सकता है इसके लिए पार्टी के केंद्रीय कमिटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की सफलता और अत्यधिक युवाओं को एकजुट करना है और पार्टी द्वारा जिन्हें भी जिम्मेदारी दी गई है अथवा नए लोगों को दायित्व दिया गया है सभी अपने जिम्मेदारी को निभाएंगे। सभी प्रखंड के अध्यक्ष और सचिव स्थानीय जनमुद्दों के साथ आंदोलन करें और प्रखंड कार्यालय पर धरना- प्रदर्शन करें। साथ ही सरकार के अधिकारियों से वर्तमान सरकार के घोषणा पत्रों को दिखाते हुए उसे पूर्ण करने को बाध्य करें ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों के बीच आजसू और अन्य दलों मे अंतर मालूम हो सके। पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में नियुक्त किए गए विधानसभा प्रभारी में जुगसलाई के प्रभारी : रामचंद्र सहिस, पोटका : डोमन टुडू , बहरागोड़ा : फनीभूषण महतो , जमशेदपुर पूर्वी : चन्द्रगुप्त सिंह, पश्चिम विधानसभा : मुन्ना सिंह, चन्द्रश्वर पाण्डेय, धनेश कर्मकार, घाटशिला : बुद्धेश्वर मुर्मू है।

# सरकारी चेक डैम को अवैध रूप से कब्जा करने में लगे हैं, सरकारी बाबू : रवि उरांव

## सरकारी डैम में निजी बांउड्री को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, कार्य पर लगाया रोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रचंड गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा कुआं तालाब जल नल योजना समेत कई निर्माण कार्य कराये गये हैं। ताकि लोगों के बीच पानी की समस्या उत्पन्न ना हो। वहीं दुसरी ओर लातेहार सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत के कोलेहरुवा ग्राम स्थित चेकडैम में सरकारी इंजीनियर की बुरी नजर लग गई है। उनके द्वारा चेक डैम में निजी तालाब और बाउंड्री का घेरावा कर कब्जा करने में लगे हैं। बाउंड्री के कार्य होने से डैम का पानी पुरी तरह सुख गया है।आरागुंडी पंचायत के मुखिया रवि उरांव ने कहा कि दो वर्ष पूर्व माइनर विभाग के द्वारा लाखों की लागत से डैम का जिर्णोद्धार कराया गया था आज उसी जगह से देव सहाय उरांव के द्वारा दबंगई के जोर पर वहां से पत्थर हटाकर निजी बाउंड्री में उपयोग किया जा रहा है। जब ग्रामीणों को मालूम हुआ कि डैम का अस्तित्व खत्म होने में लगा हुआ है तब सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने धरातल पर जाकर इसका विरोध किया और फिलहाल निर्माण कार्य को रोक दिया है। वहीं कार्य को रोकते हुए पंचायत समिति प्रतिनिधि सुरज उरांव, व ग्रामीण लक्ष्मण उरांव, जगदेव उरांव, मिथिलेश उरांव, सुरेश उरांव , मंगलदेव उरांव, संजय उरांव, बालेश्वर उरांव, शांति देवी, अनीता देवी रीना देवी, आशा देवी,ने कहा कि अगर इंजिनियर देव सहाय उरांव के जमीन थी तो जिस वक्त माइनर विभाग के द्वारा तालाब का जिर्णोद्धार निर्माण कराया जा रहा था उस वक्त क्यों नही रोका। आज सार्वजनिक डैम पर अपना कब्जा करने में लगे हैं। इस तालाब से पांच गांव के लोग जुड़े हुए हैं। जब तालाब का खुदाई हुई थी तब डैम में 15 से 20 फीट पानी हुआ करता था लेकिन आज बाउंड्री का कार्य होने से पूरी तरह डैम सूख गया है।जिसके कारण आदमी तो आदमी पशुओं को भी पानी पीने के लिए तरसना पड़ रहा है लेकिन उनको इसे कोई मतलब नहीं है। उनको पैसे की भूख और जमीन की भूख ईतनी बढ़ गई है कि वह अब डैम को भी नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन हम ग्रामीण इसका विरोध करेंगे किसी भी हाल में अपने सार्वजनिक डैम को छीनने नहीं देंगे। वहीं पंचायत के मुखिया रवी उरांव सहित सैंकड़ों ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कारवाई करने की गुहार लगाई है। **क्या कहते हैं ग्रामीण विकास विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर :** इस संबंध में देव सहाय उरांव ने कहा कि यह बात सही है कि मैने चेकडैम में बाउंड्री का निर्माण कर घेराव करने का काम किया है लेकिन मेरा मंसा गलत नही है एक बार ग्रामीणों को मुझसे बात करनी चाहिए थी

# प्रखंड स्तरीय 63 सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय खेल का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा एवं जिला शिक्षा परियोजना चतरा के संयुक्त तत्वाधान में 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय कप का आयोजन प्रखंड मुख्यालय के जवाहर फुटबॉल मैदान गिद्धौर में मंगलवार को आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय की टीम ने भाग लीया। मैच बालक वर्ग के अंडर 15 वर्ग के बच्चों के द्वारा मैच खेला गया। जिसमें बहुत ही रोमांचक मैच हुआ और अंततः फाइनल मैच उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण और उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी के बीच हुआ। पूरी समय तक कोई भी टीम ने कोई गोल नहीं कर पाया। तब मैच पेनाल्टी शूटआउट की ओर की निर्णय लिया गया। शूटआउट में भी दोनों टीम पांच पांच की बराबर रहा। और उसके बाद तीन-तीन प्लांटी सूट आउट किया गया। जिसमें द्वारी की टीम विजय हुआ। इसका स्कोर 8-7 रहा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन कुमार पात्रा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह, बीआरपी कृष्ण मुरारी पांडेय नोडल खेल शिक्षक दीपक कुमार प्रेमचंद दास सत्यम वीरेंद्र तिर्की मनय मुंडा अमरेश कुमार संदीप कुमार सिंह जितेंद्र कुमार पांडेय चंदन कुमार पांडेय मंजू कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कल बालक एवं बालिका का 17 वर्ष आयु वर्ग का मैच कराया जाएगा।

# बीओडी सदस्यो का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में पलाश जेएसएलपिएस द्वारा गठित सीएल एफ के बीओडी सदस्यो का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ समुह के प्रार्थना गीत से किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर संजीता मुहकल, व पुनम कुमारी ने बताया कि संकुल संगठन स्तरीय संकुल परिचालक क्यों जरुरी है, एन आर एल एम द्वारा किए जा रहे कार्यो का विस्त्रीय जानकारी दिया, जैसे समुह गठन, समुह व ग्राम संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यो सहित कई जानकारी दी गयी. मौके पर भारी संख्या मे समुह के बीओडी सदस्य (प्रशिक्षणार्थी) उपस्थित रहे।

# बालूमाथ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा कई कार्यक्रमों का आयोजन

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 21 जून को होने वाली अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के योग साधकों की बैठक जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान मे सत्येंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई द्य इस बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया द्य जिसके तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पहले 20 जून कि सुबह जागरूकता रैली, 21 जून को प्रातः 5:30 बजे से 7:00 तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में प्रखंड मुख्यालय से सटे जोगियाडीह बिरसा मैदान में विशाल कार्यक्रम आयोजित करने की सहमति प्रदान की गई द्य जिसके सफल संचालन को लेकर एक सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया द्य जिसके अध्यक्ष बबलू चौरसिया, उपाध्यक्ष यमुना ठाकुर, कोषाध्यक्ष लालदेव गंझु बनाए गए द्य जबकि सदस्य के रूप में सुरेंद्र गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, अखिलेश भोक्ता, प्रदीप कुमार गझु, आनंद कुमार, देवनंदन प्रसाद, नवीन प्रजापति, किशोर कुमार गुप्ता, अजीत कुमार ओझा, संतु प्रसाद गुप्ता, राजकिशोर प्रसाद, मुन्ना वर्मा, शशि भूषण गुप्ता, विक्की कुमार सिंह, ओम प्रकाश पांडे बनाए गए द्य वहीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का अवसर पर 21 जून को सैकड़ो की संख्या में भाग लेने के लिए बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न विद्यालय के बच्चों और सामाजिक तथा गणमान्य लोगो के साथ-साथ पंचायत जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

# चतरा नगर निगम का हाल खास्ता, सड़कों पर नाली या नाली पर रास्ता

## वार्ड 14, 15 हड़वनिया की कहानी, सड़कों पर नाली का बहता है पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा नगर निगम के वार्ड नंबर 14,15 हड़वनिया मुशा मेमोरियल स्कूल के समीप सड़क पर नाली का पानी का बहाव जारी है। जिसका नतीजा है की लोगों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बात करें नगर निगम की तो इसके लिए नगर पार्षद का चुनाव की जाती है । जहां नली गली सड़क एवं अन्य सुविधाओं के लिए लोगों को सुविधाएं मुहैया या बनाई जाय। वहीं नगर निगम में रहने वाले लोगों को पानी से लेकर घर के अलावे अन्य टैक्स चुकाना पड़ता है किंतु यदि विकास की बात करें तो जीरो है। चुकी जिस तरह सड़क पर नाली के पानी या पानी में सड़क अपनी हाल बयां कर रही है वैसे में विकास कोशो दूर है। वैसे में कई तरह का सवाल उठना लाजमी है। क्या हम टैक्स देते है तो हमारी सड़कों या नालियों पर किसी की जवाब देही नहीं। वार्ड नंबर 14,15 के वासियों का कहना है कि यह नाली का पानी सड़क पर कई महीनों से बहता आ रहा है। जबकि इसकी शिकायत नगर पार्षद से किया जा चुका है। इसी रास्ते मुशा मेमोरियल के बच्चों का विद्यालय आना जाना लगा रहता है। इसी तरह बच्चे से लेकर शिक्षक शिक्षिका परेशानी झेल कर आते जाते है। किंतु किसी ने कोई सुधी नहीं ली है।

# रास्ता अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों में मारपीट, थाने में शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के बानासांडी टोला जयराम बागी के समीप रूपेश कुमार और शिबू यादव के लोगों के बीच जम कर मारपीट की गई है। जिसे लेकर दोनों पक्षों ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। जानकारी के अनुशार 12,15 एसी समुदायों का घर जयराम बागी के अंदर घर अवस्थित है ।जिसे निकलने के लिए कोई रास्ता नहीं है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने मिल कर पूर्व में संतन पासवान के घर से रमेश राम के घर होते हुए शिबू यादव के घर तक कुछ जमीन गैरमजुरुवा भूमि होने के कारण सड़क बनाया था। अतिक्रमण को लेकर दोनों पक्षों द्वारा सिमरिया अंचल से लेकर एसडीओ एवं चतरा न्यालय तक मुकदमा चल रहा है।रास्ता को लेकर घटना स्थल पर सीओ एसडीओ एवं थाना प्रभारी के अलावे गांव ग्रामीणों ने अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर निष्पादन करने का कोशिश कर चुके है। परंतु अभी तक निष्पादन नहीं हो सका है। इसी को लेकर इसकी शिकायत भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के पास लिखित शिकायत भुक्तभोगी रमेश राम ने किया था। जिसके आलोक में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने अतिक्रमण किए गए रास्ता को मुआयना किया। जिसके उपरांत मौजूद शिबू यादव से बुला कर सच्चाई जानने की कोशिश कर रहे थे। शिबू यादव ने भी सहयोग करते हुए विवादित रास्ता छोड़ वैकल्पिक रास्ता देने की बात कर हीं रहे थे की एक युवक ने अचानक मारपीट करने लगे और मामला बढ़ गया। जहां रूपेश कुमार को सर में काफी चोट लग गई और सर से खून का फव्वारा जारी हो गया। आनन फानन में रेफरल अस्पताल में ला कर प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि मामले को लेकर दोनों पक्षों द्वारा सिमरिया थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

# पत्थलगड़ा प्रखंड में संवेदक द्वारा लगाए जा रहे जल मीनार में बरती जा रही घोर अनियमितता



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेराल पंचायत के जोरी गांव में PHED विभाग द्वारा लगाया जा रहा जल मीनार पूरी तरह से अवैध जगह पर लगाया गया है। PHED विभाग द्वारा टेंडर करीब साढ़ेसात करोड़ का है और एक जल मीनार की लागत 9 लाख के करीब है जो संवेदक रविराज तिवारी द्वारा अपने मनमानी तरीके से जल मीनार का कार्य करवा रहे है। जिसमे भारी अनियमता बरती जा रही है। कई जलमीनार तो प्रश्ननल प्रोपटी पर बनाया गया है। जो प्रशनल कब्जा में ही है। बताते चले की यह योजना पूरे देश में केंद्र सरकार द्वारा नल जल योजना के तहत हर गांव के हर वार्ड तक दिया जाना है जिसे हर घर हर तक पानी की व्यवस्था हो सके उसे सोचकर केंद्र सरकार यह योजना लाया है लेकिन संवेदको द्वारा निर्माणाधीन तरीके से जल मीनार में लगे स्ट्रक्चर त्न ढ्ढ लोहे का पाईप कमजोर से ले कर सोलर प्लेट, समसींबल, पाईप घटिया किस्म का लगाया जा रहा है।इतना ही नहीं। संवेदक रविराज तिवारी व क्क॥श्वष्ठ विभाग के सभी पदाधिकारियों के मिलीभगत से अपने मनमानी तरीके से मेराल पंचायत के जोरी गांव में अवैध रूप से प्रश्ननल स्थानों पर जलमीनार लगाया गया है। जिससे आम जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिल रहा बल्कि वह केवल प्रश्ननल इस्तेमाल कर रहे है। जिससे मेराल पंचायत के स्थानीय जनता वरीय पदाधिकारी से जांच करने की मांग की है।

# जेन्डर सीआरपी की हुई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीपीएम (जेएसएलपिएस) कार्यालय में बीपीएम दिपक कुमार की अध्यक्षता मे जेन्डर सीआरपी की समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे कई महत्वपूर्ण बिषय पर चर्चा की गई, सभी समुह में बदलाव दीदी का चयन करना, ग्राम संगठन समन्वय समिति का गठन करना, बुजुर्ग समिति का गठन एवं बैंक मे उनका खाता खुलवाना, जेन्डर से संबंधित अन्य कई जानकारी. साथ ही घरेलु हिंसा, डायन प्रथा, बाल विवाह, व नशामुक्ति के संबंध मे चौपाल, बैठक, व रैली निकालकर जन-जागरूकता लाने के संबन्ध मे बिशेष चर्चा की गई व कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। मौके पर नितेश कुमार पंत, अनिल उरांव, जी सीआरपी सीमा देवी, ममता देवी, खुशीलता देवी, रानी तिग्गा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हवन की पूर्णाहुति के साथ होटवाग शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड लातेहार के होटवाग ग्राम में औरंगा नदी के किनारे स्थित शिव मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर 24 घंटे के अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही भंडारे का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया हवन की पूर्णाहुति के साथ वार्षिकोत्सव एवं अखंड कीर्तन कार्यक्रम का समापन हुआ इसका कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में राजधानी प्रसाद यादव सपत्नीक उपस्थित थे।पुरोहित पंडित त्रिभुवन पांडेय ने पूरे विधि विधान के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संपन्न कराये, वार्षिकोत्सव एवं अखंड कीर्तन कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह प्रमुख परशुराम लोहरा छोटू राजा बंशी यादव अशोक कुमार महलका भुवनेश्वर प्रसाद साहू विकास तिवारी बामेश्वर सिंह अयोध्या यादव अवध पासवान सत्येंद्र यादव शंभू यादव प्रमोद यादव अमित यादव हीरा प्रसाद यादव रामसेवक यादव अमरेश यादव पंकज यादव नागेश्वर यादव रामदेव यादव राजेंद्र यादव जगेश्वर यादव सुखदेव सिंह रंजीत यादव ठाकुर दयाल यादव प्रद्युम्न यादव कुलदीप यादव सुजीत यादव दामोदर यादव मुरारी सिंह बलराम सिंह राजो देवी सहित सैंकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

# चुंवे का पानी पीने को हैं विवश, सराढु कनकटा का दलित समाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सराढु गांव के कनकटा टोला के ग्रामीण गड्ढे व चुवें का पानी पीने को विवश हैं। इस भीषण गर्मी में एक एक बूंद पानी के लिए वहां के ग्रामीण तरस रहे हैं। एशिया का सबसे बड़ा कोल परियोजना मगध परियोजना का विस्थापित गांव में यह जगह आता है। आसपास के क्षेत्र में कोल कंपनियों के द्वारा जंगलों को उजाड़ कर कोयले का उत्खनन और परिवहन सीसीएल प्रबंधन के द्वारा जरूर किया जा रहा है। वही ग्रामीणों के लिए पेयजल के नाम पर फाइलों में करोड़ों खर्च देखने को मिल जाएगा लेकिन, वास्तविकता ह्रदय विदारक है। गांव में एक चापाकल है जो खराब पड़ा है और कुआं इस भीषण गर्मी में सूख चुका है। बताया जाता है कि जानवर और इंसान एक हीं गड्ढे से अपनी अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर हैं। यह झारखंड है जहां नेता जनप्रतिनिधि और अधिकारी बिक जाएं तो ग्रामीणों के हितों की रक्षा कैसे हो पाएं। यह एक अहम सवाल है।

# प्यास बुझाने के लिए दर दर भटक रहें बिरहोर परिवार



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सिकीदाग पंचायत अंतर्गत हरदियाटांड़ गांव में बिरहोर जनजाति के लगभग 40 घरो के लोग निवास करते हैं।बिरहोर जनजाति को विलुप्त होती प्रजाति मानी जाती है आज भी समाज के लोग आदिमानव की भांति अपना जीवन यापन करते हैं भौतिक सुख सुविधाओं की ना तो चाहत है और ना ही उपलब्धता है।यहां बिरहोर जाति के पुरुष महिलाएं एवं बच्चे समेत लगभग 100 परिवार निवास करते हैं। इन परिवारों को जंगली जीवन जीने से मुक्ति दिलाने के लिए सरकारी स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन सरकारी उदासीनता एवं पदाधिकारी की लापरवाही व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण समस्या अभी भी ज्यों का त्यों बनी हुई है, विशेष पहल नहीं होने के कारण उनकी दिनचर्या में कोई विशेष सुधार नहीं हो सका यहां के लोग आज भी शुद्ध पेयजल,शिक्षा,बिजली,जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।ताज्जुब की बात यह है की इतनी बड़ी आबादी चिलचिलाती गर्मी मेंअपनी प्यास बुझाने के लिए सिर्फ एक चापाकल के भरोसे आश्रित है हालांकि गांव में और भी चापाकल हैं लेकिन सभी खराब पड़े हुए हैं इसे बनाने को लेकर विभाग कोई पहल नहीं कर रही है।वही नल जल योजना से लगा जल मीनार भी सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर पड़ी हुई है।यहाँ के बिरहोर परिवारों में किन्हीं किन्हीं सदस्य को आज भी आदिम जनजाति पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है।50 वर्षीय नीरू परहिया ने कहा की आज भी हमें पेंशन की राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि उनका आधार कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है उन्होंने कहा कि पैसे व जानकारी के अभाव के कारण आधार कार्ड नहीं बनवा पाए।वही संबंधित पंचायत क्षेत्र के मुखिया अनिता देवी ने बताया की चापाकल मरम्मती के लिए विभाग को कई महीने पूर्व ही सूचित किया गया था लेकिन उसके बावजूद भी विभाग द्वारा अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है।

# छापेमारी के दौरान भरठुआ बंदूक के साथ दो युवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमू गांव निवासी पीतांबर सिंह के आवेदन पर बरवाडीह पुलिस ने मंगलवार को छापेमारी के क्रम में एक भरठुआ बंदूक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार युवकों में धीरेन्द्र सिंह पिता बालेश्वर सिंह ग्राम मोरवाई थाना बरवाडीह का रहने वाला है वही रौशन कुमार पिता राज महेंद्र सिंह कल्याणपुर थाना बरवाडीह का रहने वाला है। बरवाडीह थाना प्रभारी राधे श्याम सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता पीतांबर सिंह के आवेदन मे कहा गया है कि धीरेन्द्र सिंह और रौशन सिंह मेरे कुटमू स्थित घर पर आ धमके और घर का दरवाजा खोल कर घर मे घुस कर पीतांबर सिंह को खींचकर बाहर निकालने और हथियार दिखाकर जान मारने की धमकी देने लगे। इस मामले मे बरवाडीह थाना प्राथमिक दर्ज की गई, कांड संख्या 49/2024 है। उन्होंने बताया कि कांड अनुसंधान के क्रम गुप्त सूचना के आधार पर और वरीय अधिकारियो के निर्देश पर छापेमारी टीम गठित कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान धीरेन्द्र सिंह और रौशन कुमार को गिरफ्तार किया गया। वही गिरफ्तार धीरेन्द्र के निशानदेही पर एक भरठुआ बंदूक बरामद किया गया। छापेमारी दल मे पुलिस अवर निरीक्षक राधेश्याम सिंह, राहुल सिंहा, राजन अधिकारी, श्याम नारायण ओझा और बरवाडीह थाना शस्त्र बल शामिल रहे।

# बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था के खिलाफ 20 को कार्यालय का घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड में बढ़ते तापमान चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी से परेशान बिजली उपभोक्ता मनमाने तरीके से बिजली कटौती एवं बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था के खिलाफ आगामी 20 जून को जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में कार्यालय सहायक अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बरवाडीह का घेराव करने जा रहे हैं जिसे लेकर बुधवार को जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में बिजली उपभोक्ताओं ने कार्यालय परिसर में ज्ञापन सौंपा है। मौके पर जिप सदस्य सिंह ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी सर चढ़ कर बोल रहा है नियमित बिजली आपूर्ति करने में विफल बिजली विभाग हर दिन कोई न कोई बहाने ढूंढने में लगा रहता है कभी लोड शेडिंग कभी जर्जर तार का कभी भी कहीं पर गिर जाना और उसे मरम्मती कार्य के नाम घंटों बिजली आपूर्ति ठप्प कर देना इनके बायें हाथ का खेल हो गया है। उन्होंने कहा कि अब बरसात भी शुरू होने वाले हैं हल्की हवा, बारिश में इनकी बिजली आपूर्ति व्यवस्था आगे भी चरमराने वाली है जिसे लेकर क्षेत्र के उपभोक्ताओं द्वारा आने वाले दिनों में कार्यालय का घेराव किया जाएगा और नियमित बिजली आपूर्ति कराने की मांग रखी जाएगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि जनेश्वर सिंह, निहिर कुमार सिंह, रामदास सिंह, महेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, संजय कुमार सिंह, दिकदार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुर्गा सेना के तमाम नेता व कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू का दामन

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के दुर्गा सोरेन सेना सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी राज किशोर कमल उर्फ पिंकू के नेतृत्व में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो पर आस्था जताते हुए आजसू पार्टी का दामन थाम लिया है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सभी को माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया एवं सभी को सदस्यता दिलाई। राजकिशोर कमल ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने और लंबे समय से संघर्ष कर रहे आंदोलन की पार्टी सुदेश महतो के संघर्षो को देखते हुए हम सभी साथी पार्टी का दामन थाम रहे हैं।आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के संघर्षो के साथ हम लोग झारखंड को आगे बढ़ाने का काम करेंगे ।चतरा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और चतरा एवं सिमरिया विधानसभा में अगर मौका मिला तो दोनों जगह से हम लोग विधायक बनाएंगे।

# परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में चोरी, लाखो के सामान सहित कई जरूरी कागजात गायब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बीती रात को विष्णुगढ़ रमुआ के बाजारटांड़ में स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में अज्ञात चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर बेखौफ़ चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है,कि गर्मी की छुट्टी के बाद आज 18 जून 2024 को जब विद्यालय खुला तो प्रातः करीब 06:45 विद्यालय प्राचार्य समेत अन्य सहयोगी शिक्षकों पहुँचे तो पाया कि कार्यालय के दोनों दरवाजो के ताले गायब थे। कार्यालय के अंदर दाखिल होने पर पाया कि सभी अलमारी खुले थे,बैट्री इनवर्टर सेट,साउंड बॉक्स,माइक,सीसीटीवी के मॉनिटर समेत पूरे सेटअप,दीवाल घड़ी,वाल फैन,विद्यालय के आवश्यक कागजात, रजिस्टर, वाउचर इत्यादि समेत सामानों की चोरी कर ली गई। उपरोक्त घटना की जानकारी विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी घटना की सूचना पाकर ए एस आई सगेंन मुर्मू अपने दल बल के साथ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय पहुँचे और मामले की छानबीन में जुट गई।विद्यालय प्राचार्य ने इसकी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि इस कुकृत्य में शामिल लोगों को कानून के अनुसार सजा जरूर मिलनी चाहिए।







# 17 दिवसीय हरली मंडा मेला संपन्न

## दर्जनों शिव भक्तों ने पीठ में कील लगाकर 45 फीट ऊपर की परिक्रमा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** 17 दिवसीय हरली मंडा मेला दर्जनों शिव भक्तों द्वारा पीठ में कील लगाकर 45 फीट ऊपर परिक्रमा करने के उपरांत मंगलवार को संपन्न हो गया। इसके पूर्व सोमवार रात दर्जनों शिव भक्तों द्वारा दहकते अंगारों पर चलकर आस्था का परिचय दिया और बड़ी खुशी खुशी चेहरे पर मुस्कान लिए शिव पार्वती का गीत गाते हुए अंगारों पर चलकर पार किया। जहा एक ओर हरली ग्राम के साथ-साथ क्षेत्र के हजारों लोगों का जनसैलाब जागरण व झांकी देखने में मशगुल था वहीं दूसरी ओर दर्जनों शिव भक्त एवं उनके सहयोगी लोहटन पूजा, अंगारों पर चलना, 45 फीट ऊंचे ऊपर परिक्रमा करना एवं रात भर शिव पार्वती के ग्रामीण गीतों से पूरा गांव भक्ति विभोर था तथा आस्था के कई मिसाल प्रस्तुत किए गए। वहीं दूसरी और क्षेत्र के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा तथा एक दूसरे से मिलकर मंडा मेला व पूजा की शुभकामनाएं दी। जिसमें मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, वरिष्ठ आजसू नेता रोशन लाल चौधरी, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशीला देवी आदि शामिल थे। वही विधि व्यवस्था को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस बल अपनी नजर रखे हुए थे।

# बरही के केवालवासियों को मिला 200 केवी का ट्रांसफार्मर, विधायक ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचायत खोडाहार के ग्राम केवाल में इस भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, लोग गर्मी से बेहाल थे। ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी ग्रामीणों ने बरही विधायक उमाशंकर अकेला को दिया। जिसके बाद उन्होंने तत्परता दिखाते हुए 200 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका उद्घाटन गुरुवार को बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने फीता काटकर किया। मौके पर बरही प्रमुख मनोज रजक, अशोक सिंह, शंभू सिंह, विनोद सिंह, गौतम सिंह, भूषण सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, वार्ड सदस्य श्रवण कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, विक्रम कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, रुस्तम कुमार सिंह, निकेश कुमार सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बरही विधायक को धन्यवाद दिया।

# त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा शांतिपूर्वक हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। प्रखंड के सभी मस्जिदों में सुबह के समय से ही नमाज अदा करने के लिए नमाजी जुटने लगे। नमाजियों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ की और एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने अपने घरों में जाकर कुर्बानी की रस्म अदा की। बड़कागांव प्रखंड के बादम जामा मस्जिद, चोपदार बलिया जामा मस्जिद, बड़कागांव जामा मस्जिद, चट्टी मस्जिद, मोकद्दस मस्जिद बादम, सिरमा मस्जिद, महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, चंदौल मस्जिद, डाडी मस्जिद, चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, नगड़ी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, हाहे मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई।



इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिल्हिज्जा की 10 तारीख (सोमवार) से तीन दिवसीय कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा मनाया जा रहा है। इसकी तैयारी बुधवार को पूरी कर ली गई थी। असल में यह महीना हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की यादगार है। जिसकी पूरी जिन्दगी कुर्बानी में ही गुजरी। खुदा ने हजरत इब्राहिम से अपने बेटे की कुर्बानी तलब की। खुदा का हुक्म पाते ही हजरत इब्राहिम अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने जंगल की ओर रवाना हुए। हजरत ने बेटे से कहा कि मैंने ख्वाब देखा है कि मुझे खुदा की राह में तुम्हारी कुर्बानी देनी है। बेटे ने कहा कि अगर खुदा की यही रजा है तो मैं तैयार हूं और आप मुझे सब्र करने वालों में सबसे आगे पाइयेगा। इस तरह खुदा ने हजरत इब्राहिम का इम्तहान लिया था और हजरत इस्माइल की जगह दुंबा की कुर्बानी से खुदा ने हजरत इब्राहिम की कुर्बानी कबूल फरमाई। बकरीद कुर्बानी का पर्व है। यह त्योहार हमें प्रेम, सद्भावना, त्याग और बलिदान की प्रेरणा देती है। बकरीद पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। प्रखंड क्षेत्र के सभी मस्जिदों के इर्द-गिर्द कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एसडीपीओ कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर अनिल सिंह और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड के सभी गांव में पुलिस के अधिकारी और जवान गस्ति करते रहे।

# श्री श्याम मनुहार महोत्सव के तीसरे संस्करण के पोस्टर का हुआ विमोचन



**हजारीबाग :** श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 अगस्त दिन शनिवार को मुनका बगीचा के प्रांगण में तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है,जिससे पूर्व निर्जला एकादशी की संध्या पर श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों के द्वारा बाबा श्याम की जयकारों के साथ पोस्टर का विमोचन किया गया। भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम,रूपम के साथ रोहित शर्मा एवं कृष्ण अग्रवाल अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाएगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम की भव्य ज्योत लिया जायेगा, वही बाबा श्याम का दरबार अद्भुत एवं अलौकिक श्रृंगार से सुसज्जित होगा।साथ हीं छप्पन एवं सवामणि भोग भी अर्पित किया जाएगा।उक्त आयोजन में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट एवं श्री श्याम परिवार तुलसीधाम कोलकाता विशेष सहयोग देंगे।बता दें कि श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों की संख्या महज नौ है इसके अलावा श्याम भक्तों के द्वारा भी सेवा दी जाती है, यह युवक कोलकाता से उच्च शिक्षा प्राप्त कर हजारीबाग में अपने निजी कार्यों के साथ बाबा श्याम की सेवा दे रहे हैं। पिछले दो वर्षो से लगातार इन युवकों के द्वारा ऐतिहासिक और अद्भुत कार्यक्रम आयोजित कर हजारीबाग में एक अलग पहचान स्थापित की गई है। मौके पर आयोजक मंडली ने कहा कि इस भव्य कार्यक्रम में समस्त हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित है।

# पांच दिवसीय ओपन समर कैंप ताइक्कांडो प्रतियोगिता का हुआ समापन



**हजारीबाग :** संत रॉबर्ट बॉयज मिडिल स्कूल में पांच दिवसीय ओपन समर कैंप का आयोजन किया गया था, जिसका समापन सोमवार को किया गया,इस कैंप को राष्ट्रीय स्तर के ताइक्कांडो खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था।प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ था, वही समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए।हजारीबाग ताइक्कांडो प्रशिक्षक रोशन कुमार चौहान एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा श्री अजमेरा का स्वागत किया गया, कोच के रूप में ज्योति यादव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ी एवं चीन एशिया गेम 2022 की प्रतिभागी मुख्य रूप से उपस्थित हुई। मुख्य अतिथि श्री अजमेरा को पौधा देकर सम्मानित किया गया, इसके बाद प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया गया।तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागी अवश्य हजारीबाग तथा झारखंड का नाम रोशन करेंगे,ताइक्कांडो एक माध्यम है जिसमें खिलाड़ी अपनी ऊर्जा को भर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर पाते है। साथ ही कहा कि आप सभी खिलाड़ियों के साथ आपका बड़ा भाई बनकर मैं खड़ा हूं,किसी भी तरह की कोई तकलीफ होने पर सीधा संपर्क करें। इस कैंप को सफल बनाने में हजारीबाग ताइक्कांडो प्रशिक्षक रौशन कुमार चौहान, रौशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, सुमन सौरभ, सचिन कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# जल दूत बना सेवा सहयोग समिति



## डेढ़ सौ से भी अधिक जगहों पर चापाकल की मरम्मत एवं नए नल लगाए गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कहा जाता है कि जीवन में कुछ मिले ना मिले दो घुट पानी मिल जाए तो जिंदगी का एक दिन गुजर जाता है।इसी दृष्टिकोण से सेवा सहयोग समिति ने पूरे गर्मी में ग्रामीणों की सेवा की।समिति द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायत में करीब डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल की मरम्मत एवं नया नल लगाया गया।भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से ग्रामीण जूझ रहे थे ऐसे वक्त पर उनका मसीहा बनकर सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा सामने आए।जल ही जीवन है इसी दृष्टिकोण से हर्ष अजमेरा ने तत्काल रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में पानी की सुविधा मुहैया कराया है।उनका लक्ष्य है कि सदर विधानसभा क्षेत्र के कोई भी ग्रामीण पानी की किल्लत से परेशान न हो, यहां तक की श्री अजमेरा के द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में कार्यालय संचालित किया गया है ताकि प्रखंड में निवास करने वाले लोगों को कोई तकलीफ ना हो। श्री अजमेरा ने कहा कि सभी प्रखंडों में सहयोग समिति के कार्यालय संचालित है।संज्ञान में आए ग्रामीणों की समस्याओं को तत्काल रूप से हल किया जा रहा है।कई प्रखंडों में 10-10 दिन तक पानी की किल्लत से लोग परेशान रहे, पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में पानी की किल्लत दिन पर दिन बढ़ती जा रही थी और ऐसी स्थिति में चापाकल भी उनका साथ नहीं दे रहा था तब भी हमारी टीम हर वक्त लोगों की सेवा में तत्पर रही,और सूचना के साथ ही चापाकल को तत्काल ठीक किया गया है।

# महिला पर्यवेक्षिकाओ के विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह बा.वि.परि.पदा. अखिलेश कुमार की उपस्थिति में समाज कल्याण के अंतर्गत कार्यरत चार आँगनबाड़ी पर्यवेक्षिकाओ तथा नवागंतुक तीन महिला पर्यवेक्षिकाओ का विदाई सह स्वागत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इस भावुक एवं हर्ष के दोहरे माहौल में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने पूर्व में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिकाओ एवं नए महिला पर्यवेक्षिकाओ को पुष्पगुच्छ फूल-माला एवं उपहार देकर विदाई एवं स्वागत किया। इस मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा बीते कुछ महीनों में इन चार महिला पर्यवेक्षिकाओ के साथ कार्य का अच्छा अनुभव रहा। महिला पर्यवेक्षिका शाश्वती घोषाल, अनुसुइया कुमारी, वीणा देवी, प्रीति प्रसाद ने पिछले उन्नीस वर्षो से काफी लगन एवं मेहनत से सारे काम को बखूबी अंजाम दिया है,साथ ही नवागंतुक महिला पर्यवेक्षिकाओ पुष्पांजलि देवी,मनीषा गुप्ता,सुनीता रानी का विष्णुगढ़ में स्वागत करते हुए कहा कि जिस तरह से पूर्व में महिला पर्यवेक्षिकाओ ने कार्य किया उसी तरह से कार्य की अपेक्षा करूँगा। इस मौके पर मुख्य रूप से सहायक महेश प्रसाद, कम्प्यूटर सहायक अभिषेक कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएँ मौजूद थी।

# प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा किया गया शरबत का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के मेन रोड स्थित सदर थाना के समीप श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा मंगलवार को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर राहगीर,रिक्शा चालक, मजदूर एवं आम जनमानस के बीच शुद्ध पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर करीब 12 बजें प्रारंभ हुआ जो शाम चार बजे तक निर्बाध चलता रहा। करीब ढाई हजार से भी अधिक लोगों के बीच शरबत वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम भक्त परिवार हजारीबाग के हर एक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व श्री श्याम भक्त परिवार के तमाम सदस्यों ने बाबा श्याम का दर्शन किया,बाबा का जयकारा लगाया।तत्पश्चात कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ।बता दें कि श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा फागुन माह में पिछले 11 वर्षो से लगातार भव्य आयोजन किया जा रहा है, दो दिनों का यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें प्रथम दिन निशान ध्वज यात्रा एवं दूसरे दिन भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाता है शहर के तमाम श्याम भक्त इस कार्यक्रम में आनंदित होकर बाबा का दर्शन करते हैं।मौके पर श्री श्याम भक्त परिवार के सदस्यों ने कहा कि बाबा श्याम का दीदार करना हमारे कण-कण में है। तो वही गर्मी को देखते हुए मंगलवार को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर तमाम सदस्यों के साथ मिलकर आम जनमानस के बीच शुद्ध पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया।श्री श्याम भक्त परिवार धार्मिक सेवाओं के साथ-साथ मानव सेवा के लिए भी तत्पर रहता है।

# बिजली एवं जाम की समस्या को लेकर 29 जून को धरना प्रदर्शन : यास्मीन निशा



**बड़कागांव :** पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने प्रखंड में चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यासमीन निशा ने कहा बड़कागांव क्षेत्र को शहरी क्षेत्र के रूप में घोषित करके बिजली बिल शहरी रूप में वसूला जा रहा है। लेकिन बिजली नाम मात्र का दिया जा रहा है। जबकि बड़कागांव में कोल खनन कर रही कंपनियां अपने कोल खनन क्षेत्र में बिजली से चकाचौंध कर रखी है। इससे यहां की जनता को ठगा महसूस हो रहा है। साथ ही साथ एनटीपीसी एवं त्रिवेणी कंपनी मैं काम करने वाले वर्करों को ले जाने वाली गाड़ियां एक साथ बड़कागांव मुख्य चौक से गुजारती है जिसके कारण बड़कागांव मुख्य चौक अक्सर जाम रहता है। जिसे पढ़ने लिखने वाले विद्यार्थियों एवं मरीजों को ले जाने वाली गाड़ियां घंटो जाम में फांसी रहती है। इन सारी समस्याओं को लेकर 29 जून 2024 को एक रैली एवं सभा का आयोजन किया जाएगा इसकी तैयारी की जा रही है। जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने कहा की बड़कागांव की जनता मेरा सहयोग करें और इस रैली एवं सभा को सफल बनाएं।

# जदयू जिला कमिटी की बैठक संपन्न,कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

**हजारीबाग :** सोमवार को जनता दल यूनाइटेड की जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय मालवीय मार्ग में जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में कई निर्णय लिए गए,देश राज्य एवं जिला के राजनीतिक स्थिति पर विशेष चर्चा की गई सर्वप्रथम लोकसभा चुनाव में दमदार जीत दर्ज करने वाले एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल को कमेटी की ओर से बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया गया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद श्री जायसवाल के नेतृत्व में चौमुखी विकास करेगा और आम जन की समस्याओं को सांसद गंभीरता से लेकर इसका निष्पादन करेंगे। बैठक में प्रदेश सचिव ,बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता और जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने एक स्वर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मांग की है कि पार्टी की मजबूती एवं झारखंड से एनडीए की लोकसभा में दमदार उपस्थिति के लिए झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माननीय खीरू महतो को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिलवाया जाए।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

## 500 से भी अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सेवा सहयोग समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कटकमदाग प्रखंड के सलगांवा पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसका भव्य उद्घाटन सलगांव पंचायत मुखिया मधु रानी,उप मुखिया अवधेश प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ स्वास्थ्य शिविर में करीब 500 से भी अधिक लोगों ने लाभ लिया, 30 तारीख तक कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।इसके बाद द्वितीय चरण तृतीय चरण एवं चतुर्थ चरण में अन्य प्रखंडों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा । इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध जनरल फिजिशियन के रूप में चिकित्सा मौजूद रहे, वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों की जांच करते हुए उन्हें बेहतर सलाह दिया साथ ही लोगों को निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। जांच शिविर के दौरान आने वाले मरीज के बेहतर स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उत्तम व्यवस्था की गई ,जिसमें शुद्ध पेयजल, धूप से बचाव के लिए बेहतर टेंट लगाया गया । स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर एवं पल्स एवं वजन का निशुल्क जांच किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2:00 बजे तक निरंतर रूप से चलते रहा है। इस शिविर में मुखिया मधु रानी ,पुर्व मुखिया उदय कुमार साव,उपमुखिया अवधेश प्रसाद वार्ड सदस्य रितेश कुमार,वार्ड सदस्य जानकी प्रसाद इत्यादि थे ।मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए उनके द्वारा निरंतर ग्राम स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण भी किया जाता है।



# सांसद मनीष जयसवाल व पूर्व विधायक ने उपलब्ध कराया टैंकर से पानी, ग्रामीणों में हर्ष





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही में पानी की समस्या दिनों दिन बढ़ता चला जा रहा है, भीषण गर्मी में लोग पानी की समस्या से परेशान है। चापानला व कुवा पूरी तरह से सूख चुका है। सुबह से लोग तिलैया जलाशय में जाकर कपड़ा धोने से लेकर नहाने का कार्य करते हैं। इस समस्या को देखते हुए हजारीबाग के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने निजी खर्चे पर बरही चौक के आसपास मोहल्ले में पेय जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया। पानी के टैंकर आने के बाद ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है तथा ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल एवं बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के जनहित में पानी की टैंकर को उपलब्ध करवाने पर भूरी भूरी प्रशंसा की। वही ग्रामीणों ने पानी की समस्या को दूर करने का भी आग्रह किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, राजकुमार केशरी, आकाश जायसवाल, सचिन यादव,आदि मौजूद थे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि बरही के तेली टोला, धोबी टोला, गया रोड व मल्हाटोली में पानी की भीषण समस्या है, इसे देखते हुए आज से सांसद व पूर्व विधायक के निजी खर्चे से पानी की टैंकर उपलब्ध कराना शुरू किया गया है, जो आगे जारी रहेगा। लोगों को पानी मिलता रहे इसके लिए सांसद व पूर्व विधायक प्रयासरत है।

# कोयलांचल में अकीदत के साथ मनाई गई बकरीद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोयलांचल में 29 जून को कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा (बकरीद) अकीदत के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह में शहर के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सामूहिक नमाज अदा कर अल्लाह से अमन-चैन व सलामती की दुआ मांगी। मुस्लिम बहुल क्षेत्र वासेपुर में सुबह से ही त्योहार की रौनक दिखी। रेलवे स्टेडियम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सामूहिक नमाज अदा की। इसके साथ ही वासेपुर, आजाद नगर, नया बाजार, पुराना बाजार, भूली आदि क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी। इस विशेष मौके पर त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप बकरों की कुर्बानियां दी गई।

**मुसलमानों ने नमाज अदा कर अल्लाह से मांगी सलामती की दुआ :-** जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद निजामुद्दीन ने नमाज अदा कराने के बाद अपने संदेश में कहा कि कुर्बानी के इस त्योहार पर अपने अंदर की गलत धारणाओं की भी कुर्बानी दें। मोहब्बत, अमन चैन से रहें। परिवार, समाज, देश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए दुआ करें। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी।

ईदगाह मस्जिद नया बाजार में इमाम मोहम्मद अमीरउदीन ने नमाज अदा कराई। अपने संदेश में उन्होंने समाज के लोगों से सौहार्द से रहने और मन में आने वाले गलत विचारों की कुर्बानी देने की अपील की।

मदनी मस्जिद शमशेर नगर के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहकार आलम कासमी ने नमाज अदा कराने के साथ नमाजियों को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अल्लाह की प्यारी चीज की कुर्बानी देने के साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखें। वैसा काम न करें, जिससे किसी को तकलीफ पहुंचे। वहीं मुसलमानों ने नमाज अदा कर अल्लाह से सलामती की दुआएं मांगी।

## आप के युवा नेता आशीष भदानी की धर्मपत्नी का निधन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आम आदमी पार्टी के युवा नेता



खरगडीहा जमुआ निवासी आशीष भदानी की धर्मपत्नी अर्चना देवी (38 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया । वो अपने पीछे पति पुत्र और एक पुत्री को छोड गई। कम उम्र में उनके निधन से आस पास शोक छा गया। निधन पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा, भाजपा नेता विजय चौरसिया, आप के युवा नेता अमित सिंह, जिला उपाध्यक्ष रोजन अंसारी, आप गिरिडीह के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर यादव, सुभाष शर्मा, तैयब अंसारी, धनवार प्रखंड उपाध्यक्ष शकलदेव यादव, देवरी प्रखंड अध्यक्ष कासिम अंसारी, तिसरी प्रखंड अध्यक्ष राजू मंडल, परवेज आलम सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## बुजुर्ग महिला ने कुंआ में कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त किया

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के हाथुडीह पंचायत के अन्तर्गत कुमारडीह ब्रम्हान टोला में एक वृद्ध महिला कुँआ में गिरकर मौत हो गई है,महिला गायत्री देव्या, उम्र 78 वर्ष पति स्वश्थ शोसांकर चटर्जी ने कुँआ में कुद कर अपना जीवन लीला समाप्त कर दिया , गायत्री देव्या का दो पुत्र हैं, बड़ा बेटा ओमियो चटर्जी उर्फ टुकना जो बीसीसीएल विभाग में नोकरी करता हैं।और छोटा बेटा रोबिन चटर्जी गिरील दुकान महुदा बाजार में चलाता हैं। दोनो पुत्र अपना अपना परिवार लेकर घर से अलग स्थान पर रहते हैं , वृद्ध माता अकेले गाँव में रहती थी, घटना की सूचना पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सम्पद धोषाल ने भाटडीह ओपी प्रभारी बाल मुकुन्द सिंह को दिया उन्होंने कुँआ से शव को निकाला कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया हैं।

## पारा शिक्षक के निधन की खबर पर विधायक पहुंचे पोखरिया गांव, परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



**टुंडी/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी के मछियारा पंचायत के पोखरिया गांव निवासी 53 बषौय लूथरू टुडू की निधन की खबर पाकर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो मृतक के आवास पहुंचे जहां परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार लूथरू टुडू पिछले करीब पांच सालों से लकवा जैसी बिमारी से ग्रस्त थे एवं जीवन और मौत से जूझ रहे थे। फिलहाल लूथरू टुडू प्राथमिक विद्यालय नारों में सहायक शिक्षक के पद पर आसीन थे। निधन की खबर मिलते ही अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पहुंचे और इस दुःख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़े होकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। वैसे भी टुंडी विधायक हर दुखियों के साथ संकटों में साथ खड़े होकर मदद करने में पूरे झारखंड में प्रथम स्थान हासिल किया है। मौके पर टुंडी बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ईद-उल-अजहा के अवसर पर किया गया पौधारोपण

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूथ कॉन्सेप्ट एवं ग्रीन लाइफ झरिया



के संयुक्त तत्वावधान में झरिया के कतरास मोड़ में ईद उल अजहा के अवसर पर बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं अवाम की सलामती का दुआ किया। बच्चों ने झरिया के लोगों से भी एक एक पौधे लगा कर देख भाल करने की अपील की। लगाए गए पौधों में सुरक्षा घेरा भी लगाया गया। डॉ समीर ने कहा इस साल सभी को एहसास हुआ है की पर्यावरण कितनी जरूरी है। तापमान लगातार बढ़ती जा रही है बच्चे बूढ़े सभी वर्ग के लोगों को जलती गर्मी से राहत के लिए पेड़ पौधे लगाए। वहीं यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि सभी त्योहार में बच्चों द्वारा पौधा लगाने की परंपरा रखी गई है, ताकि इनमे पर्यावरण संरक्षण का संस्कार विकसित किया जा सके तभी झरिया को हरा भरा बनाया जा सकता है। मौके पर डॉ एम समीर, डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, रूमी खान, रईस खान, मो नसीम, मो महताब, मो ताहा, अबू हुजैफा, माहिरा, अब्दुल हक, अर्शी अहमद आदि मौजुद थे।

## धनबाद रेलवे स्टेशन के कैरेज एंड वेगनआर के दफ्तर व स्टोर में आग लगने से मची अफरा-तफरी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद रेलवे स्टेशन आरपीएफ पोस्ट के बगल और प्लेटफॉर्म संख्या एक से सटे कैरेज एंड वेगनआर के दफ्तर व स्टोर में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। आरपीएफ के तत्परता की वजह से बचाव कार्य शुरू हुआ। दमकल विभाग की 2 गाड़ी पहुँच कर आग पर काबू करने का प्रयास किया। दफ्तर व स्टोर में मशीन समेत आरपीएफ की टीम आग बुझाने में जुटी गई जबकि कई सामान को सुरक्षित निकालने में टीम सफल रही। आग लगी की घटना कैसे हुई, इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। आग लगने से यात्रियो में भय का माहौल देखने को मिला। आरपीएफ़ की सूझ बुझ से बड़ी दुर्घटना होने से बाल- बाल बची। रेलवे के कई वरीय अधिकारी इस आग लगी घटनास्थल पर पहुंचकर जाँच पड़ताल में जुट गए। आग कैसे लगी है, इसकी स्पष्ट जानकरी पता नही चल पाई है। आरपीएफ़ ने आग की सुचना रेलवे कण्ट्रोल रूम और अग्निशमन टीम को दी जिससे एक बड़ी दुर्घटना को नियंत्रित करने में सभी सफल रहे।

# आजादी के 75 साल बाद भी सरकारी मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिला है लक्ष्मी बथान गांव को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के तीसरी प्रखंड का एक गांव लक्ष्मी बाथान है जहां आजादी के 75 वर्ष बाद भी किसी भी तरह का सरकारी मूलभूत सुविधा नहीं पहुंच सका है बीस से तीस घर के इस गांव में अभी तक बिजली नहीं पहुची है पीने के लिए पानी का एक मात्र जरिया एक चापाकल है जो गर्मी के दिनों में सुख जाता है ग्रामीण नाले और चुवा से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के समय प्रतिनिधि आते हैं बिजली पानी की समस्या को दूर करने की बात करते हैं और दोबारा देखने भी नहीं आते हैं यहां निवास करने वाले लोगों को खासकर पानी और बिजली की भारी दिक्कत है ग्रामीणों ने सरकार, विभाग और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगायी है कि इस गांव पर जल्द ही ध्यान दिया जाय और इनकी समस्याओं को दूर किया जाय । मौके पर बालेश्वर तुरी, छोटू हांसदा, सेवली देवी, बुधन मरांडी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# सवारी गाड़ी की टायर अचानक ब्लास्ट होने के कारण वाहन असंतुलित होकर बिजली पोल के खंभे से टकराई, एक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गावां :** सतगावां मुख्य मार्ग पर मल्हेत के पास सवारी वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभिर रूप से घायल हो गये हैं। मृत व्यक्ति की पहचान अमतरो मुसहरिया निवासी 42 वर्षीय मनोज मुशहर पिता माहो मुशहर के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मनोज मुसहर अपनी बेटी की शादी के लिए पैसा पहुंचाने बिहार जा रहा था वह अम्तरो में ही सवारी वाहन पर बैठा था। और मल्हेत में जाकर सवारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।वहीं दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों के नाम महिला का नाम बेबी देवी पति संजय रजक, उमेश यादव पिता लूरक महतो, प्रीति देवी पति राजन रजक, बीजो देवी पति संतोष रजक ,उक्त सवारी वाहन गावां से नवादा जा रही थी। मल्हेत के पास




अचानक वाहन का टायर फट जाने के कारण जिससे वाहन असंतुलित होकर सड़क के किनारे बिजली खम्भा व रेलींग से टकराकर सड़क के नीचे गिर गया। घटना में चार लोगों के गंभिर रूप से घायल होने की भी सूचना है। घायलों को इलाज हेतु गांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद परिजन बाहर ले गये है।घटना के बाद वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

घटना की सूचना पर गावां थाना प्रभारी महेश चंद्र दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया ।शव को पोस्टमार्टम करने के लिए गिरिडीह भेज दिया गया है।

# जिला परिषद भाग संख्या 32 में नल जल योजना में एक भी नल जल चालू नही : सुनीता कुमारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह के जिला मुख्यालय स्थित कार्यपालक अभियंता कार्यलय डुमरी के जिला परिषद भाग संख्या 32 की जिप सदस्य सुनीता कुमारी के सब्र का बांध टूट गया वह दफ्तर पहुंच गई। वही लगातार भीषण गर्मी के कारण कई इलाक़ों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी की घोर किल्लत वाले इलाक़ों में लोगों की उम्मीद नल जल योजना पर टिकी हुई थी। मगर दुर्भाग्य की बात है कि अधिकांश जगहों पर नल जल योजना फेल साबित हो रही है। योजना के नाम पर बोरिंग हुई पाइप लाइन बिछा और जलमीनार भी खड़ा हुआ।मगर सच्चाई यह है कि जलमिनरों से लोगों को एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है। ठीकेदार अपनी मनमानी से बाज़ नहीं आ रहे हैं और सिर्फ खानापूर्ति कर अपना बिल निकाल कर जेब भरने के फिराक में लगे हुए हैं। लंबे समय से इस योजना को लेकर शिकायतों का दौर भी चला, जांच भी हुई मगर जिन स्थानों पर योजना फेल है उसके हालात में सुधार नहीं हुआ।ऐसी ही समस्या से रूबरू होते होते डुमरी के जिला परिषद भाग संख्या 32 की जिप सदस्य सुनीता कुमारी के सब्र का बांध टूट गया और वह मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित विभाग के कार्यपालक अभियंता के दफ्तर पहुंच गई। यहां उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत है। नल जल योजना शोभा की वस्तु बन कर पड़ी है। ग्रामीण त्राहिमाम है।जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें ग्रामीणों के सवालों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर से लेकर जिला प्रशासन और पीएमओ तक इसकी शिकायत की गई। मगर नतीजा शून्य निकला। जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने कहा कि विभाग के अधिकारी योजना का कार्य कराने वाले ठीकेदार के इशारे पर काम कर रहे हैं। ठीकेदारों पर कोई दबाव या कार्रवाई नहीं किया जाना इस बात को दर्शाता है। ठीकेदार सिर्फ खानापूर्ति कर योजना को पूर्ण दिखाना चाहते हैं और इसमें विभाग का सहयोग ठीकेदार को मिल रहा है। सुनीता कुमारी ने कहा कि वह जानता की समस्या के निदान के लिए कार्यालय पहुंची है। अगर विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह कार्यालय में ही डेरा डाल देंगी। इन्होंने यहां तक कहा कि वह विभाग के कार्यालय में ही झाड़ू पोछा करेंगी मगर उनके क्षेत्र की जनता को पानी दिया जाए।

# दिन दहाड़े महिला से छिंतय बारदात सीसीटीवी में कैद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**तोपचांची :** तोपचाँची थाना छेत्र से महज 500 मीटर की दुरी, सुभाष चौक के पास, महिला से दिन दहाड़े 10000 हज़ार रूपया छीन ली गई, बाइक सवार दो अपराधियों नें घटना को अंजाम दिया, छिंतय की पूरी घटना बैंक ऑफ इंडिया के सी सी टी वी में कैद, उक्त महिला नें बताया की अपराधी बैंक के अंदर से ही मेरा पीछा किया है, उसने अपराधी को शिनाख्त भी कर लिया, महिला के बयान ओर cctv के फुटेज के आधार पर तोपचाँची पुलिस नें जाँच पड़ताल भी शुरू कर दी है, इधर तोपचाँची में अपराध बढ़ने से आम जनता परेशान, कई महीनों से तोपचाँची थाना छेत्र में अपराध बढ़ने से लोग परेशान।

# गिरिडीह एलआईसी शाखा परिसर में उत्कृष्ट विकास अधिकारी को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ गिरिडीह शाखा ने एलआईसी शाखा परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट विकास अधिकारी, मुख्य बीमा सलाहकार तथा अभिकर्ताओं को शिल्ड, उपहार तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संघ के सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि हमारे संगठन अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने एक दिन में अधिकतम बीमा करवाने का लक्ष्य लिया, जिसके तहत विकास अधिकारी ,मुख्य बीमा सलाहकार तथा अभिकर्ताओं से आग्रह किया कि 13 मार्च 2024 को ÷ मेरा निगम मेरा गौरव ÷ कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक बीमा व्यवसाय किया जाए। इस कार्यक्रम के तहत एलआईसी एक दिन में 13 मार्च 2024 को 232395 नव व्यवसाय कर 436.66 करोड़ रु प्रथम प्रीमियम आय अर्जित का नया किर्तिमान स्थापित किया ।

# बांसजोड़ा कोलियरी परियोजना में साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी के चारों तरफ 500 मीटर क्षेत्रफल की परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सिजुआ क्षेत्र के लोयाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसजोड़ा कोलियरी परियोजना के रैयतों का मुआवजा एवं नियोजन को लेकर साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी के विरुद्ध आहुत बंदी/ अनिश्चितकालीन चक्कर जाम कल दिनांक 18 जून 2024 को बुलाया गया। जबकि उक्त कंपनी में वर्तमान में कार्यरत कुछ व्यक्तियों के द्वारा उक्त बंदी का विरोध किए जाने की सूचना है। दोनों पक्ष (नियोजन मांगने वाले एवं वर्तमान में कार्यरत) अपने-अपने मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की पूर्ण संभावना है । इसको देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद, उदय रजक द्वारा शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों




का प्रयोग करते हुए लोयाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सिजुआ क्षेत्र-5 अंतर्गत बांसजोड़ा कोलियरी परियोजना में साकार मास ज्वाइंट वेंचर कंपनी के चारों तरफ 500 मीटर क्षेत्रफल की परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी किया गया है। इस निषेधाज्ञा के जारी होने के उपरांत उपयुक्त क्षेत्र में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का आंदोलन के उद्देश्य से एकत्रित होना किसी प्रकार का धरना, रैली, सभा, प्रदर्शन, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने, हरवे, हथियार एवं अग्नियास्त्र के साथ चलने अथवा उसके प्रयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध कार्य पर उपस्थित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, कंपनी के पदाधिकारी एवं कर्मियों प्रतिष्ठान के कार्य से आने वाले छोटे एवं बड़े वाहन पर लागू नहीं रहेगा। इसी प्रकार विद्यार्थियों के शिक्षण संस्थान में आने-जाने या व्यक्तियों के उक्त क्षेत्र से होकर अन्य कार्यो में आने-जाने अथवा उक्त क्षेत्र से शव यात्रा वैवाहिक एवं धार्मिक कार्य से जाने वाले लोगों पर किया प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसी प्रकार यह प्रतिबंध सिखों के कृपाण धारण, नेपालियों के खुखरी धारण करने पर भी लागू नहीं होगा।

# पुराने ट्रैक्टर ने मारी पलटी, नीचे तालाब में जा गिरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** सोमवार को श्यामडीह पेट्रोल पंप के पास हीरक रोड के किनारे एक पुराना ट्रैक्टर पलट गया तथा सड़क से लगभग 30 फिट नीचे जा गिरा। घटना लगभग 3 बजे के आसपास की बताई जा रही है। घटना के संबंध मे लोगों ने बताया कि कुछ लोगों को चोट भी लगी है लेकिन मौके से वो लोग गायब हो गए। देखने से ट्रैक्टर बहुत पुराना लग रहा था। हालांकि ये जाँच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा कि गाड़ी का इंश्योरेंस, पॉल्युशन एवं अन्य कागज़ात कितना सही है। ट्रैक्टर में नम्बर प्लेट भी नही देखा गया। सूचना मिलने पर कतरास पुलिस मौके पर पहुँची



तथा घटना की जाँच पड़ताल की। इसके बाद किरान की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को ऊपर खींचा तथा अपने कब्जे में लिया। इस संबंध में कतरास थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रैक्टर मालिक से वाहन के कागजात मंगवा कर कागजात की जाँच पड़ताल की जा जायेगी। लिखित शिकायत के बाद पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी। दुर्घटना कैसे हुई इस संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नही हुआ है। बता दे कि इन दिनों कतरास एवं आसपास के क्षेत्र में बिना नम्बर प्लेट के कई ट्रैक्टर धड़ल्ले से चल रहे हैं जिससे बालू एवं आउटसोर्सिंग कंपनियों के ओबी पत्थरों की धड़ल्ले से तस्करी की जा रही है। हालांकि ऐसे वाहनों पर कतरास पुलिस की कार्रवाई भी लगातार जारी है।

# बच्चे का शव लेकर पैदल ही चल पड़ा पिता, अस्पताल प्रबंधन ने नहीं उपलब्ध कराई एंबुलेंस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में एक बार फिर व्यवस्था की पोल खुलती दिखी। दरअसल, एक पिता को अपने बच्चे का शव ले जाने के लिए अस्पताल एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं करा सका। एक पिता के लिए अपने बच्चे को खोने से ज्यादा बड़ा दुख भला क्या हो सकता है लेकिन, वह दुख तब और भी बढ़ जाता है, जब अपने ही बच्चे की लाश हाथों में रखकर ले जाना पड़े। माना जा रहा है कि ऐसा इसलिए भी हुआ, क्योंकि मृतक का पिता आर्थिक रूप से बेहद कमजोर था और निजी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं कर सकता था। यह



घटना स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर अनेकों सवाल खड़े करती है। लोगों का कहना था कि गरीबों के लिए चलाई जा रही सरकार की योजना केवल कागजों और बैनर-पोस्टरों में ही दिखाई देती है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। पीड़ित व्यक्ति बलियापुर के रहने वाले मंतोष उरांव हैं। बताया जाता है कि मंतोष की पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया था। जन्म के कुछ ही देर बाद नवजात की मौत हो गई। मंतोष बेहद गरीब हैं। उसने अस्पताल प्रबंधन से शव ले जाने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराने की गुहार लगाई लेकिन, एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर उन्हें चलता कर दिया गया। ऐसे में मंतोष मृत बच्चे का शव हाथ में लेकर पैदल ही चल पड़ा।

# जीईएल प्रावि किनबिरा में विधायक मद से बने विद्यालय भवन का बिशप ग्लेड्सन बाड़ा और विधायक भूषण बाड़ा ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रखंड के जीईएल प्रावि किनबिरा में विधायक मद से बने विद्यालय भवन का बिशप ग्लेड्सन बाड़ा और विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रुप से फीका काटकर किया। मौके पर बिशप ने नव निर्मित विद्यालय भवन में आशीष जल का छिड़काव किया। बिशप ने विधायक मद से विद्यालय भवन बनने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक के इस पहल से यहां पढ़ने वाले बच्चों को अब पढ़ने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को मजबुत करने की विधायक की यह पहल मिल का पत्थर साबित होगी। गांव का विकास के लिए शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना काफी जरुरी है। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य अजय एक्का, प्रखड़ अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पादरी जस्टिन एक्का, पादरी सूरजमानी एक्का, पादरी प्रेमचंद बड़ा, पादरी गोविंदा महतो,पादरी प्यारा केरकेट्टा, कांडीदत्त शांतियेल टोप्पो, प्रचारक ईरकान खेस, प्रचारक असीम कुजूर, प्रा. डेविड लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अ.जे. बखला, विधायक प्रतिनिधि माइकल खड़िया, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, मुखिया बिनीता खाखा, उप प्रमुख फ्लोरा मिंज,पूर्व प्रमुख तरसीला बिलुंग, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, हर्षित तिर्की, निखिल बड़ा, एर्मिया खेस, ब्रिस्टन एक्का, अजीत कुमार खलखो, उषा किंडो, अनिल तिर्की, रिदा तिर्की, सुमन एक्का, जस्टिन बेग, जॉन बेक, प्रभुदान खलखो, महिमा बड़ा, जुनाथन खेस, मनोहर तिर्की, सुगाढ़ सलीम एक्का, अजनी बेक, बहालेन तिर्की, बिंदुरानी खेस, निहाल खेस, प्रतिमा कुजूर, ज्योति लुगुन, शैलेस कुजूर, अनूप मिंज, रवि सुरीन, तन्नू डुंगडुंग, विजय तिर्की, बारेन एक्का, पंचायत अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा, बिमल कुल्लू, विजय केरकेट्टा, आदि भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**गांव के बच्चों को भी शहरी क्षेत्र के तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना उद्देश्य : विधायक भूषण बाड़ा**

मौके पर विधायक ने विद्यालय भवन को बच्चों को सुर्पुद करते हुए कहा कि गांव की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की उनकी छोटी सी एक पहल है। उनका सपना है कि गांव के बच्चों को गांव में ही कम खर्च पर शहरी क्षेत्र के तर्ज पर गुणवतापूर्ण शिक्षा दिलाया जाय। इसी कड़ी में वे लगातार काम कर रहे हैं। आज सभी अल्पसंख्यक स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली की जा चुकी है। धीरे धीरे भवन विहिन हो चुके इन स्कूलों के लिए भवन बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चों को भी समान रुप से शिक्षा मिलने का पुरा अधिकार है। विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाएगा। ताकि गांव के बच्चे भी डीसी, एसपी, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बन सके।

**अब स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ने में नहीं होगी कोई परेशानी : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने विधायक भूषण बाड़ा के सराहनीय पहल पर स्कूल के बच्चों को आज से खपड़ैल नुमा मिट्टी के घर से छुटकारा मिलेगी। अब यहां के बच्चे भी पक्के मकान में आसानी से गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा स्तर में सुधार बहुत जरुरी है। अभिभावक भी अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें। उन्हें उच्च शिक्षा दें। ताकि समाज बदलाव के पथ पर तेजी के साथ आगे बढ़े।

## जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, फसलो को पहुंचाया क्षति



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड कैरो मुख्यालय मे इन दिनो दर्जनो जंगली हथियो के आगमन से जहाँ ग्रामीणो मे भय का माहौल है,वही हाथियो के झुंड ने किसानो के फसलों को भी पहुँचाया है नुक्सान। उक्त दर्जनो हाथी का झुंड 15 जुन को ही चंदवा जंगल के रास्ते कूडु के राजरोम जंगल को आया था 16 जुन को रात 01 बजे कैरो बस्ती के अन्तिम छोर पहुँचा था जहाँ ग्रामीणो की सक्रियता पर रातोरात नन्दनी डैम की और चला गया, 17 जुन को भण्डरा प्रखंड एवं 18 जुन मंगलवार को अहले सुबह-सुबह वही हाथियो का झुंड एक बार फिर कैरो बस्ती के पीछे पहुंच किसान शीतल उराँव, प्रभू भगत, विरसा उराँव, दूखू भगत, मोहर साहू, शनि भगत इत्यादि किसान के खेत मे लगे फसल मकई, खीरा, बोदी, टमाटर, मिर्ची को हाथियो ने पहूँचाया क्षति। वही इन हाथियो के झुंड को देखने के लिये एवं वस्ती से किनारे करने के लिये लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा है। जंगली हाथियो के इस प्रकार घुर फिर कर आने से जहाँ एक और किसानों के फसलो को क्षति पहुंच रही है,वही ग्रामीणो मे भय का माहौल भी देखा जा रहा है। इस अवसर पर वन विभाग की टीम एवं कैरो थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह किसी प्रकार कि घटना से बचने के लिए ग्रामीणो को हाथी के आसपास नहीं जाने की बार चेतावनी भी दे रहें थे।

## मौसम ने ली करवट, जनजीवन में गर्मी से राहत तो वही दो गरीब परिवार का उजड़ा आशियाना



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मौसम के करवट लेते ही कुछ समय के लिए गर्मी से जन जीवन में राहत मिला वहीं उरु तेतर टोली में आंधी तूफान ने मचाया तबाही दो गरीब परिवार का आशियाना उजड़ा रहने को लेकर उतपन्न हुआ समस्या। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु तेतर टोली में सोमवार देर शाम आंधी तूफान के कहर से दो गरीब किसान परिवार का घर का एलबेस्टर उड़ गया। जिसे गरीब किसानों को रहने की समस्या बना हुआ है। वही बताया जाता है कि दोनो परिवार अति गरीब है। और सर छुपाने के लिए एल्वेस्टर तथा खपरैल का मकान बना अपने परिवार के साथ रहते थे। जिसे कि सोमवार देर शाम को अचानक मौसम के करवट लेने से जन जीवन में गर्मी से राहत तो मिला लेकिन आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश में तेतर टोली निवासी स्वर्गीय बलदेव उराँव का पुत्र घुड़ा उराँव का घर का एल्वेस्टर उड़ गया। जबकि धना टाना भगत का पुत्र एतवा टाना भगत का खपरैल मकान में इमली पेड़ गिरने से मकान को क्षतिग्रस्त हो गया। दोनो परिवार के बीच रहने की समस्या बनी हूई है। इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। दोनो गरीब परिवार जानकारी देते हुए सरकारी सहयोग का विभाग से उम्मीद कर रहे हैं। विदित हो कि एल्वेस्टर उड़ने तथा इमली पेड़ गिरने से दोनो परिवार को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है।

# महारानी लक्ष्मी बाई महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत : मानस प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस के मौके पर मंगलवार को सिमडेगा प्रखंड कार्यालय के पास बने महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर बजरंग दल सिमडेगा नगर संयोजक मानस प्रसाद की अगुवाई में माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से माल्यार्पण किया मौके पर महारानी लक्ष्मीबाई अमर रहे भारत माता की जय नारे लगाए। मौके पर नगर संयोजक मानस प्रसाद ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई महिला होकर एक कदम में साहस का परिचय दिया था जिससे कि महिलाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।18 जून सन् 1858 को अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए रानी लक्ष्मीबाई वीरगति को प्राप्त हुई थीं। हर साल 18 जून का दिन रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के रूप में उनके शौर्य की याद दिलाता है।रानी लक्ष्मीबाई ने उस दौर में अंग्रेजों को नाको चने चबवा दिए थे, जब युद्ध के लिए सिर्फ पुरुषों को योग्य माना जाता था। रानी लक्ष्मीबाई के युद्ध कौशल के साथ उनका मातृत्व धर्म भी इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। इस मौके पर गौ रक्षा प्रमुख सुमित गुप्ता, राहुल वर्मा, प्रतीक वर्मा, अग्निवेश चौबे, रतन सिंह, सचिन केशरी, अनुज कुमार, सूरज मिश्रा, शुभम आदि उपस्थित थे।

# अवैध बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर को किया गया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अवैध बालू परिवहन मामले में कारवाई करते सेन्हा पुलिस द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को उगरा क्षेत्र से जब्त कर थाना लाया गया। तथा अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को दिया गया सूचना। सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू ढुलाई पर अंकुश लगाने के दिशा में पुलिस एवं अंचलाधिकारी द्वारा लगतार अभियान चलाया जा रहा है। उसके बावजूद अवैध रूप से बालू खनन एवं परिवहन थमने का नाम नही इतना ही नही एनजीटी के पूर्व भी बालू ढुलाई चोरी छुपे बालू माफिया द्वारा जारी था। और एनजीटी के बाद भी जिसको लेकर एक ट्रैक्टर को पकड़ कर खनन विभाग के निर्देश पर एनजीटी के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उसके बावजूद भी अवैध बालू परिवहन थमने का नाम नही ले रहा है। उसी दौरान मंगलवार को उगरा क्षेत्र से अवैध बालू खनन कर कोयल नदी से परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक पर ट्रैक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना में सुरक्षित रखते हुए खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है।

## सीनी टाटा ट्रस्टस के द्वारा विज्ञान तथा गणित का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में सीनी टाटा ट्रस्टस द्वारा विज्ञान एवं गणित के शिक्षण पर रुचि पैदा करने के लिए पाठ्य पुस्तकों में वर्णित अध्यायों को पढ़ाने तथा संभावित नए तरीकों के उन्मुखीकरण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17 और 18 जून 2024 को प्रखंड मुख्यालय के रिसोर्स कक्ष में आयोजित किया गया। वही आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रकृति एवं पर्यावरण के महत्व, जैव विविधता, आहार श्रृंखला, विज्ञान का दैनिक जीवन से जुड़े हुए प्रयोग तथा गणित का नित्य जीवन में उपयोग एवं दैनिक जीवन में गणित के महत्व पर चर्चा की गई। संख्याओं की संक्रिया, शिक्षण सामग्री का उपयोग कर बताया गया। की बच्चों को हम कैसे बेहतर गणित सिखा सकते है आदि विषयों पर चर्चा एवं कार्य किया गया। कार्यशाला में सिनी टाटा ट्रस्टस के लोहरदगा, लातेहार, गुमला और पूर्वी सिंहभूम की टीम के सहकर्मियों ने भाग लिया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में जी वी एस प्रसाद,रमाशंकर,सलिल वरण कुडू और अवधेश यादव के द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिलाया गया। वही अयोजित कार्यशाला में सीनी टाटा ट्रस्टस के समुंद्र सिंह सेंगर, तरुण कुमार, श्रेया एक्का, उदित कुमार, शिवचरण महतो के अलावे प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## जलडेगा प्रखण्ड कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के राजस्व ग्राम मयोमडेगा में जलडेगा प्रखण्ड के कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। इस समारोह में ग्रामीणों ने विधायक के सामने कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपनी बात रखी। मयोमडेगा स्कूल प्रांगण में लगा जलमीनार का सोलर प्लेट कुछ महीना पहले अज्ञात चोरों के द्वारा तीन सोलर में से दो सोलर की चोरी हो गई थी। चोरी के एक सप्ताह बाद पुलिस के डर से दोनों सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों के द्वारा वापस ला रखा लेकिन दोनों प्लेट क्षतिग्रस्त अवस्था में था। तब से अब तक जलमीनार नहीं बना है। इसकी सूचना वर्तमान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को भी दी गई थी और आश्वासन दिए थे कि मतदान के बाद बन जाएगा लेकिन अब तक नहीं बना। इससे विधालय के बच्चों को पानी की समस्या हो रही है। इसे जल्द ठीक कराने के उद्देश्य से विधायक को आवेदन दिया गया। फिलमोन लुगुन ने थाना सीमांकन को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा कि मयोमडेगा, केलुगा और खरवागढ़ा जिसका पुलिस प्रशासनिक सेवा ओड़गा ओ पी से हो रहा है इसे जलडेगा थाना से करने के लिए विगत 2016 ई से मांग कर रहे हैं जिसका प्रक्रिया कहां तक हुई है? इस पर विधायक ने कहा कि हम इस बिन्दु को विधानसभा सत्र में सरकार के समक्ष बहस किया था। इसके संबंध में और अधिक जानकारी के लिए विधायक जी ने प्रतिनिधी मण्डल को डीजीपी से मिलाने की बात कही। जोर्ज जेवियर तोपनो ने केलुगा बुथ नम्बर 91 में होने वाली समस्या से विधायक को अवगत कराते हुए कहा कि जब जब भी मतदान होता है वहां पर भांवर (मधुमक्खी) हर बार मतदाताओं को काटते हैं जिसकी वजह से जितना मतदान होना चाहिए उतना नहीं हो पाता है यदि संभव हो तो बुथ को कहीं अन्यत्र स्थानांतरण करने की बात कही। ग्राम सभा सचिव असेयन लुगुन ने कहा कि विधायक जी हम ग्रामीण हर तरह से ठगी के शिकार हो जाते हैं चाहे वो केंद्र की योजना हो या राज्य की योजना धरातल में बिना बने ही योजना को पूर्ण रिपोर्ट भेज दिया जाता है जिससे अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। कहा कि विगत 2018 में ऐसे ही एक घटना सामने आया। सरकार की ओर से सभी राशन कार्डधारियों को शौचालय निर्माण हेतु दो गढ्ढा खोदने का आदेश आया। ग्रामीण द्वारा गढ्ढा खोद कर तैयार किया गया था। 2018 में गांव में 145 परिवार था उस में से सिर्फ 45 परिवार के पास शौचालय था। ग्रामीणों को जानकारी भी नहीं था कि गांव खुले में शौच मुक्त की घोषणा हुई है। झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार 24 अप्रैल 2018 को गांव में ग्राम सभा के लिए प्रतिनियुक्ति जनसेवक की उपस्थिति में खुले में शौच से मुक्त के लिए 5ङ्ग5 महिला और पुरूष निगरानी समिति चयन किया गया। इस विषय पर ग्राम सभा में काफी मजाक हो गया था। कुछ दिन बाद प्रखण्ड प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को बिना बताए खुले में शौच मुक्त गांव का बोर्ड गाड़ दिया गया था जिसे देख अक्रोशित ग्रामीण उखाड़ फेका। ऐसे ही और कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती है लेकिन ऐसा ही ग्रामीणों को ठग दिया जाता है विधायक ने लोकसभा चुनाव में खूंटी से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की जीत के लिए ग्रामीणों को जीत की बधाई दी और आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर रहने की बात कही।

## शिवराज सिंह व हिमंत बिस्वा सरर्मा की सांगठनिक क्षमता का झारखंड में मिलेगा भरपूर लाभ : ओम प्रकाश सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के द्वारा झारखंड विधानसभा के चुनाव को दृष्टिगत कर भारत सरकार के कृषि मंत्री तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी तथा असम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत विश्व शर्मा को सह प्रभारी के रूप में घोषणा किये जाने का स्वागत करते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि उनके प्रभारी के रूप में मनोनयन से झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है और वर्तमान झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस तथा राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पूरी शक्ति से प्रतिबद्ध हो गए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री शिवराज सिंह तथा हेमंत विश्व शर्मा की सांगठनिक क्षमता का झारखंड में भरपूर लाभ मिलेगा। बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, श्री चंद्र प्रजापति, राजमोहन राम, दीपक शर्मा, अनुपम प्रकाश कुंवर, देवाशीष कर, अजय पंकज, विनोद राय, परमेश्वर साहू, संजय बर्मन, अशोक खत्री निधिकांत प्रसाद, शशि भूषण सिंह तथा अतुल कुमार शामिल हैं।

## मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए आज से चलेगा जागरूकता अभियान : उप विकास आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मादक पदार्थो के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए लोहरदगा जिला में लोगों के जागरूकता अभियान 19 जून 2024 से 26 जून 2024 तक चलाया जाएगा। इस अभियान को लेकर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज मंगलवार को जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/ प्रतिनिधि शामिल हुए जिन्हें अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेवारी दी गई। दिनांक 19.06.2024 को समाहरणालय परिसर लोहरदगा से सभी प्रखण्डों में नशीले व मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने के लिए एक जागरूकता रथ को प्रखण्डों के लिए रवाना किया जाएगा जो 26 जून 2024 तक चलेगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से पंचायतों गोष्ठी, चौपाल के जरिये लोगों को जागरूक किया जाएगा। नगर भवन, लोहरदगा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रतियोगिता,क्विज,शपथ आदि का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 26 जून 2024 को रन फॉर ड्रग फ्री झारखण्ड थीम पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को सभी उप स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम करने का निदेश दिया गया। खेल पदाधिकारी को पर्यटन स्थलों में नशीले पदार्थों के सेवन के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये जाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार नगर प्रशासक को भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, नगर प्रशासक जयपाल सिंह,खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा समेत विभागों के पदाधिकारी व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**थाना प्रभारी ने ईद-उल-अजहा पर लोगो को दी बधाई, सोसाइटी सदस्यो के साथ किया पौधरोपण**

## कहा, बढ़ते तापमान व गर्मी की तपीस से निजात हेतू पौधरोपण, पर्यावरण सरंक्षण व संवर्धन आवश्यक : नीरज झा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत ग्राम मे ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार शांति व सौहार्द पुर्वक संपन्न हो गया। 17 जुन सोमवार को प्रात− 07 बजे मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा प्रखंड के विभिन्न ईदगाहो मे नमाज अदा कर त्योहार बकरीद का एक दुसरे को मुबारकबाद दी, वही इस अवसर पर प्रखंड सह अंचल कर्मी के साथ साथ थाना प्रशासन सदल बल के साथ विभिन्न ईदगाहों नमाज स्थलो मे अपनी अपनी ड्यूटी मे मुशतैद दिखाई दिये गये। खुलूस, पाकिजगी, प्रेम, भाईचारा और जायको के पाक पर्व बकरीद के मौके पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी कैरो, लोहरदगा के सदस्यों ने थाना परिसर कैरो व चट्टी -कैरो -कुडू मुख्य पथ उतका में यात्री पड़ाव के समीप पौधारोपण कर अवाम को पर्यावरण संरक्षण का पैगाम दिया। सोसायटी के अध्यक्ष जावेद अख्तर कहते हैं कि पेड़-पौधे, जल-जंगल, चरिंदों-परिंद कुदरत के द्वारा इंसान को दिया गया नायाब तोहफा है इसका संरक्षण हमारे पैगम्बर का फरमान है। बकरीद के अवसर पर कैरो थाना प्रभारी नीरज झा ने एक दुसरे को त्योहार की बधाई के पश्चात फलदार व आक्सीजन युक्त छायादार पौधो का पौधारोपण करते हुए कहा कि ये एक अच्छी पहल है वास्तव में आज बढ़ती गर्मी ने हमे पेड़ो की महत्ता का अहसास दिलाया है। वृक्ष लगाना तथा उसे बचाना पौधारोपण एवं पर्यावरण का संरक्षण हम सब का दायित्व है। बढते तापमान के गर्मी की तपीस से निजात हेतू पौधारोपण, पर्यावरण सरक्षण, एवं संवर्धन आवश्यक है। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने अवाम को ईद-उल-अजहा की बधाई दी है। मौके पर सोसायटी के महासचिव जुबैर अंसारी ने तमाम जिलें वासियों से बकरीद का त्यौहार सादगी, सुकून मिलनसारियत के साथ तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। मौके पर सोसायटी के प्रवक्ता इमरान खान, शेख ज़ैद मौजूद थे।

## टंडवा पंचायत के हरिजन टोला में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम पंचायत टंडवा में रविदास टोला में पानी का काफी किल्लत समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीण ने अधिकारी व पदाधिकारी को फोन लगा लगा कर थक गए। मगर कोई सुनने वाला नहीं यहां तक के पंचायत का जनप्रतिनिधि को भी कितनी बार सूचना दी गई है। लेकिन उनको भी नजर गरीब शोषित पर नहीं पड़ा। पानी की बिना तड़प रहे हैं लोग, लाखों के लागत से बनकर तैयार जलमिनर आज भी सुखा के सुखा रह गया। अगर यह जल मीनार सही तरीका से संचालित हो जाए तो यहां के ग्रामीण इसका लाभ उठा सकेंगे। एक तरफ भारत सरकार घर-घर नल जल योजना की लाभ ग्रामीणो को दे रही है। लेकिन यहां के ठेकेदार द्वारा मनमानी किया जा रहा है। पंचायत में नल जल की काम हुई है। लेकिन कहीं भी कारगर साबित किया गया है। सभी जगह जर्जर स्थिति में है, कहीं पाइप फटा हुआ है, तो कहीं नल सही तरीका से संचालित नहीं है, जितने भी समान लगाया गया सब नकली साबित हो रहा है। वहा के ग्रामीण जनता ने कहा की विभाग के पदाधिकारी को हिदायत करना चाहूंगा कि अगर इस पर ठोस न्याय नहीं हुई तो हमलोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। जिसमे डॉ युगेश दस, रंजीत दास, पवन यादव, संजू देवी वार्ड सदस्य, सबूब मियां, कृष्ण भारती, सरोज भारती, कौसलिया देवी, खुर्सिद आलम समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## चलते चलते एक नजर

### चैनपुर में युवक की गोली मारकर हत्या

**चैनपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद कमलापुरी के 18 वर्षीय बेटा विवेक कमलापुरी उर्फ बिल्ला को अज्ञात लोगों ने कंकारी के ननफुलीया स्कूल के पास गोली मारकर हत्या कर दिया। गोली की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने हल्ला गुल्ला मचाया एवं घायल विवेक को देखा तो घटना की जानकारी उसके परिजनों को दिया। परिजन आनंन फनन में घटनास्थल ननफुलिया पहुंचे तो देखा कि विवेक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। लोगों ने मेदिनीनगर पीएमसीएच अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इधर मृतक के परिजनों का कहना है कि विवेक कुमार रांची में रहकर काम कर रहा था। वह दो-तीन दिन पहले घर वापस आया था और किसी ने उसे पैसा देने के लिए बुलाया था। वह पैसा लेने गया था। तभी हम लोगों को पता चला कि उसकी गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है। इधर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर घायल विवेक कुमार कमलापुरी को लेकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से गोली का तीन खोखा बरामद किया गया है। तथा घटना में प्रयुक्त एक टेम्पो भी बरामद किया गया है।

### नदी में समाया 12 करोड़ रुपए का पड़रिया पुल

**अररिया :** अररिया जिला के सिखटी प्रखंड व कुर्साकाटा प्रखंड को जोड़ने वाला पड़रिया पुल अपने निर्माण के दौरान ही नदी के गर्भ में समा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर विभागीय अधिकारी के आंखों पर संवेदक की मेहरबानी का पर्दा नहीं पड़ता तो आज बकरा नदी पर बन रहा पड़रिया पुल नदी के गर्भ में नहीं समाता. जिस पुल पर आवागमन के लिए वर्षों से लोग प्रतीक्षारत हैं।बकरा नदी पर बन रहा सिखटी प्रखंड व कुर्साकाटा प्रखंड को जोड़ने वाला पड़रिया पुल अपने निर्माण के दौरान ही नदी के गर्भ में समा गया। लोगों ने कहा कि यह पुल जब बना तो पहली बार नदी का किनारा बाढ़ के कारण दूर हो गया था।इसके बाद 12 करोड़ रुपए की लागत से नदी को किनारे तक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण शुरू हुआ लेकिन विभागीय लापरवाही व संवेदक की अनियमितता पूर्वक कार्य के कारण पुल बकरा नदी के गर्भ में समा गया और करोड़ रुपए का नुकासन के साथ साथ लोगों को उम्मीदें भी पुल के बहने के साथ साथ बह गई।

### हिमाचल प्रदेश के सीएम सुक्खू की पत्नी की पॉलिटिक्स में एंट्री

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की विधानसभा और पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को भी कांग्रेस ने टिकट दिया है। वह देहरा विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में उपचुनाव लड़ेंगी। इससे पहले उन्हें हमीरपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाने की तैयारी चल रही थी लेकिन कांग्रेस ने उस समय उन्हें उम्मीदावर नहीं बनाया था।हिमाचल प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों- हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे। इसके लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने पूरी दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरने जा रही हैं। हिमाचल में इस समय कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के रायगंज से मोहित सेनगुप्ता और बगड़ा से अशोक हलदर को अपना उम्मीदवार बनाया है।

# भाजपा व राजद छोड़कर 200 से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के बेलचंपा पंचायत अंतर्गत नावाडीह भुइयां टोली में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा एवं राजद छोड़कर 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया।

पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने तन मन से पार्टी की सेवा करने तथा पार्टी की नीति और सिद्धांतों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कमालु खान के नेतृत्व में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से आनंद सिंह, डॉ असलम अंसारी, उपेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, झोटन भुईयां, जिनोद अंसारी, अनुग्रह सिंह, नरेश राम, जितेंद्र शर्मा सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता पूरी तरह से जागरूक हो चुकी है। सभी लोग अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि कौन जनता का हितैषी है और कौन जनता के साथ छल करने वाला है। उन्होंने कहा कि झामुमो ही




एकमात्र पार्टी है जो राज्य एवं राज्य की जनता के हित को ध्यान में रखकर कार्य करती है। मंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद महागठबंधन की सरकार ने हेमंत सोरेन एवं चंपाई सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में काफी बेहतर विकास कार्य किया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता के आशीर्वाद एवं सहयोग से उन्होंने गढ़वा के माथे पर लगा पिछड़ेपन के कलंक धो डाला है। पहले गढ़वा की गिनती राज्य के सबसे पिछड़े जिले में होती थी, परंतु अब गढ़वा विकास के मामले में उदाहरण बन चुका है। राज्य में पहली बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जो हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सदर अंजुमन मदनी खान, परेश तिवारी, साकिर खान, खुशबुद्दीन, चांद साह, मोबिन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मंगलवार को ईमेल से दी गयी। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। धमकी भरे ईमेल के मिलने की पुष्टि पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने की है। धमकी देने वाले ने मेल के माध्यम से पटना समेत देश के 40 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी है।पटना एयरपोर्ट के निदेशक को दोपहर 01¬10 बजे धमकी भरा ईमेल आया। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बड़ा दी गई। पटना पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम स्क्वॉड की टीम पटना एयरपोर्ट पर पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली।

## दीदी नीलम आनन्द की 19वीं पुण्यतिथि पर हुआ पौधरोपण



**एजेंसी**

**सहरसा :** जिले के महिषी प्रखंड में भगवान शिव के प्रथम शिष्या राजमणि मां दीदी नीलम आनन्द की 19 वीं पुण्यतिथि पर सोमवार शाम तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर शिव शिष्यों ने जहां वृक्षारोपण किया। वहीं सभी गांव में शिव नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें दीदी मां के प्रतिमा पर शिष्यों ने शिष्य भाव अर्पित किया।जिले के भवानी नगर स्थित शिव शिष्य कार्यालय,नहरवार,गेमरहो, महिषी,तेलवा,झिटकी,कन्दाहा में पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित शिव शिष्य भाई परमेश्वर जी,ओमी राम,गुरु बहन पुनम,बहन रीता,बुलुर मुखिया,भीम नारायण पंडित, बिमल बढ़ई आदि ने कहा कि शिव शिष्यता के जनक साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने शिव को गुरु मानने के वाद सर्वप्रथम यह संवाद दीदी को ही दिया। पुण्यतिथि पर उपस्थित शिव के शिष्यों ने कहा कि स्वयं भगवान शिव ने भगवान शिव की शिष्यता रुपी बीज साहब श्री को दिया। जिस बीज को दीदी मां नीलम आनन्द ने अपनी शक्ति, कर्म, कर्तव्य, स्नेह, समर्पण से बगिया को सींचा। जिसका प्रतिफल आज भारत में करोड़ों शिव के शिष्य एवं शिष्याओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## भाईचारे का संदेश देता है बकरीद : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा:** ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार सोमवार को जिले भर में काफी धूमधाम से पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा के उंचरी स्थित ईदगाह, मस्जिद, मदरसा आदि स्थानों पर पहुंचकर इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि बकरीद का त्यौहार समानता और भाईचारे का संदेश देता है। यह इस्लाम धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार बलिदान की याद में मनाया जाता है। यह पर्व त्याग और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बकरीद का महत्व केवल बलिदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि



हमें अपनी प्रिय वस्तुओं को अल्लाह के रास्ते में त्यागने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह त्योहार हमें परस्पर प्रेम, सद्भावना, और सहायता का पाठ पढ़ाता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि बलिदान और सेवा में ही सच्ची खुशी और संतोष निहित है। बकरीद का त्योहार न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और मानवीय मूल्यों को भी प्रकट करता है। यह हमें त्याग, निष्ठा, और सामाजिक सेवा के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। बकरीद का त्योहार वास्तव में एक ऐसा पर्व है जो हमें आपस में जोड़ता है और प्रेम, भाईचारे और इंसानियत के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलता है। यहां सभी धर्म के लोग आपस में मिल जुल कर एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं। वे ऊपर वाले से यही प्रार्थना करते हैं कि यहां आपसी एकता, भाईचारा एवं सद्भावना हमेशा बनी रहे। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, मदनी खान, मासूम खान, डॉ असजद अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# नीट परीक्षा को लेकर जंतर मंतर पर आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) के पेपर लीक का मामला गर्माता जा रहा है। देशभर के छात्र इस लीक के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। इसी क्रम में दिल्ली के जंतर मंतर पर आम आदमी पार्टी के सभी विधायक नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। वहीं आम आदमी पार्टी के तमाम बड़े नेता ने मंच से नीट गड़बड़ियों के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। गोपाल राय, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज समेत पार्टी के सभी नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए।इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि छात्रों से नीट के पेपर के लिए 30 से 50 लाख रुपये लिए गए थे। गुजरात के गोधरा के सेंटर में तो छात्रों से ओएमआर शीट ख़ाली छोड़ने को कहा गया था




और बाद में अध्यापकों ने ओएमआर शीट भरी। केंद्र सरकार को इस पूरे मामले की जानकारी है और वह इस घोटाले को छिपाने की कोशिश कर रही है।सौरभ ने केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में पूरे मामले की जांच कराए। यह बहुत बड़ा घोटाला है और करोड़ों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 2-3 सालों में पेपर लीक की वजह से करीब तीन करोड़ छात्र परेशान हुए हैं। उप्र में पुलिस भर्ती में 60 लाख और नीट घोटाले में 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। नीट का पेपर रद्द होना चाहिए और जिन्होंने घोटाला किया है उन्हें सख्त से सख्त सजा होनी चाहिए।संजय सिंह ने कहा कि देश और नौजवानों के भविष्य को बचाने की यह लड़ाई आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी। आज हम जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए हैं और कल पूरे देश में आम आदमी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे। अभी हम सड़क पर लड़ रहे हैं। आज छात्र और उनके माता-पिता सड़कों पर हैं। वे मांग कर रहे हैं कि नीट के पेपर को दोबारा कराया जाए, लेकिन सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। वह लीपापोती में लगी हुई है।

## डोडा आतंकी हमलों में सुरक्षाकर्मियों ने एक जोड़े सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया



**एजेंसी**

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों की गतिविधि के संबंध में सुरक्षाकर्मियों ने एक जोड़े सहित तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अधिकारियों का मानना है कि जिले के ऊपरी इलाकों में तीन से चार आतंकवादियों का एक समूह मौजूद है। भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर 11 जून की रात को चटरगल्ला के ऊपरी इलाकों में एक संयुक्त जांच चौकी पर आतंकवादियों के हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए थे। इसके बाद बुधवार शाम को जिले के गंदोह इलाके के कोटा टॉप गांव में एक तलाशी दल पर आतंकवादियों की गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। सुरक्षाकर्मियों ने डोडा जिले के जय इलाके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने बताया कि तीनों में एक जोड़ा और एक किशोर शामिल है, जिन पर आतंकवादियों को भोजन उपलब्ध कराने और सुरक्षा बलों को उनकी गतिविधियों की सूचना न देने का संदेह है। तीनों लोगों से पूछताछ की जा रही है।

**पुंछ में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी, तलाशी अभियान शुरू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के बेहरामगला इलाके में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई है। फिलहाल क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान जारी है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि जिले के बेहरामगला इलाके में आतंकवादियों के बारे में विशेष सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई। फिलहाल सुरक्षाबलों ने घेराबंदी और तेज करते हुए क्षेत्र में आतंकियों की तलाश में व्यापक अभियान चलाया है।

### उज्जवल निकम को फिर से स्पेशल पब्लिक प्रासीक्यूटर नियुक्त किया गया

**मुंबई :** उत्तर-मध्य मुंबई से लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार रहे उज्ज्वल निकम को राज्य सरकार ने मंगलवार को फिर से विशेष लोक अभियोजक पद पर नियुक्त किया है। उज्ज्वल निकम ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस पद से इस्तीफा दे दिया था। महाराष्ट्र के विशेष लोक अभियोजक उज्जव निकम ने मुंबई बम विस्फोट सहित कई संवेदनशील मामलों में सरकारी वकील के रूप में वकालत की थी। उन्हें भाजपा ने उत्तर-मध्य मुंबई लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था, जिसके बाद निकम ने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। इस चुनाव में उज्ज्वल निकम कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ से पराजित हो गए थे। इसी वजह से आज निकम को राज्य सरकार ने फिर से विशेष लोक अभियोजक पद पर बहाल कर दिया। जब उन्होंने इस पद से इस्तीफा दिया था, तब उज्जवल निकम के पास लगभग 25 मामले थे।

